तीसरे साल में प्रवेश की हार्दिक शुभकामनाएं

# शौर्य न्यूज इंडिया

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

सोच वही, ऊर्जा नई...

www.shauryanewsindia.co.in

मूल्य : 5/-
10 जून से 16 जून, 2024
वर्ष - 3, अंक - 8

बनारस, चंदौली, आजमगढ़, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, सिंगरौली, राजगढ़, भदोही, बलिया, मऊ, प्रयागराज, देवरिया, मथुरा, अयोध्या, आगरा, महोबा, बांदा, मुरादाबाद, बहराइच और गोरखपुर से प्रसारित




पेज 5
शिल्पा ने रैप पर बिखेरा जलवा...



अपनी तीसरे कार्यकाल के शपथ के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी

# नमो 3.0 मैं मोदी शपथ लेता हूं...

## 30 कैबिनेट, 5 स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री, 36 राज्य मंत्री बनाए गए, सिंधिया और गजेंद्र सिंह शेखावत एक बार फिर मंत्री बने

**भाजपा कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहेंगे अनुराग ठाकुर**

**शाह, राजनाथ,नड्डा व निर्मला को फिर मंत्रिमंडल में जगह, शिवराज-खट्टर भी शामिल**

नई दिल्ली। नरेंद्र मोदी ने रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। शाम को 7:15 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में उन्हें प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई। पीएम मोदी के साथ रविवार को कुल 72 नेताओं ने मंत्रिपद की शपथ ली। इसमें 30 कैबिनेट मंत्री, 5 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 36 राज्य मंत्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी के तुरंत बाद राजनाथ सिंह और फिर अमित शाह ने केंद्रीय मंत्री पद की शपथ ली। बीती सरकार में राजनाथ सिंह रक्षा और अमित शाह गृह मंत्री थे। अमित शाह के उपरांत नितिन गडकरी ने मंत्री पद की शपथ ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, एस जय शंकर को फिर मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। शिवराज सिंह चौहान और मनोहर लाल खट्टर को पहली बार मोदी कैबिनेट में जगह मिली है। दोनों को बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। जेडीएस सांसद एचडी कुमारस्वामी, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (HUM) के जीतनराम मांझी और जेडीयू के राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) ने मंत्री पद की शपथ ली है। केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सहयोगी ज्योतिरादित्य सिंधिया और गजेंद्र सिंह शेखावत को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। असम के पूर्व मुख्यमंत्री एक बार फिर बने कैबिनेट मंत्री, जदयू नेता को भी मिला मंत्री पद जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू के) ललन सिंह को भी केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया है। उनके बाद असम के पूर्व मुख्यमंत्री सबानंद सोनोवाल ने शपथ ली।एनडीए सरकार में एक मंत्री पद को लेकर अजित पवार की एनसीपी में खींचतान चल रही है। प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे दोनों ही दावेदारी कर रहे हैं।



ऐसे में अजित पवार के सामने संकट खड़ा हो गया है कि इस विवाद को कैसे निपटाएं।

पीएम मोदी के शपथ समारोह में भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेताओं मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ इस समारोह में विशेष अतिथि हैं। नेताओं और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के अलावा, ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों के साथ-साथ नए संसद भवन के निर्माण में शामिल सफाई कर्मचारियों और मजदूरों ने भी मोदी और नए मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। शपथ ग्रहण समारोह देखने के लिए राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में लगभग 9,000 लोगों के मौजूद हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के मंत्रियों की सूची में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का नाम नहीं होने पर उन्होंने कहा कि वह भाजपा कार्यकर्ता के रूप में वह काम करते रहेंगे और भारत को विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने में योगदान देंगे। अनुराग ठाकुर ने पीएम नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रियों की टीम को बधाई दी।

**भाजपा ने चारों मंत्रालयों को अपने पास रखा :** एनडीए के ये दोनों सहयोगी दल केंद्र में बड़ी भूमिका चाहते थे। लेकिन भाजपा ने मजबूती से अपनी बात रखते हुए कहा कि वह गठबंधन धर्म निभाएगी, लेकिन सिर झुकाकर सरकार नहीं चलाएगी। भाजपा ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति (सीसीएस) से जुड़े चारों मंत्रालयों गृह, रक्षा, वित्त और विदेश अपने पास रखने का फैसला किया। किसी भी सरकार को चलाने के लिए इन मंत्रालयों पर नियंत्रण होना जरूरी है।

### कैबिनेट मंत्री

राजनाथ सिंह, अमित शाह , नितिन गडकरी, जेपी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान, निर्मला सीतारमण, सुब्रह्मण्यम जयशंकर, मनोहर लाल, हरदनहल्ली देवगौड़ा कुमारस्वामी, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, जीतन राम मांझी, राजीव रंजन सिंह, सबार्नंद सोनोवाल, डॉ वीरेंद्र कुमार, राममोहन नायडू, प्रल्हाद जोशी, जुएल ओरांव गिरिराज सिंह, अश्वनी वैष्णव, ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया, भूपेंद्र यादव, गजेन्द्र सिंह शेखावत, अन्नपूर्णा देवी, किरेन रिजिजू, हरदीप सिंह पुरी, डॉ मनसुख मंडाविया, जी. किशन रेड्डी, चिराग पासवान, सीआर पाटील।

### राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार

राव इंद्रजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, अर्जुन राम मेघवल, प्रतापराव जाधव, जयंत चौधरी।

### राज्यमंत्री

जितिन, श्रीपद यशो, पंकज चौधरी, कृष्णपाल गुर्जर, रामदास आठवले, रामनाथ, नित्यानंद राय, अनुप्रिय पटेल, वी सोमन्ना, चंद्रशेखर पेम्मासानी, एसपी सिंह बघेल, शोभा करांदलाजे, कीर्तिवर्धन, बनवारी लाल वर्मा, शांतनु ठाकुर, सुरेश गोपी, एल मुरुगन, अजय टम्टा, बंडी संजय कुमार।

# ऊपर से जुड़ा कोई तार नहीं, नीचे कोई आधार नहीं



लखनऊ। यूपी में समाजवादी पार्टी के ऐतिहासिक प्रदर्शन करने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। अब वो खुलकर अपनी आगे की योजनाओं पर चर्चा कर रहे हैं और भाजपा को निशाने पर ले रहे हैं। सपा लोकसभा चुनाव में यूपी में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और सभी को चौंकाते हुए 37 सीटों पर जीत दर्ज की है जबकि भाजपा यूपी में 33 सीटें जीती हैं। चुनाव के पहले भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत का दावा कर रही थी।रविवार को एनडीए सरकार जिसे मोदी 3.0 भी कहा जा रहा है के शपथ ग्रहण से पहले उन्होंने तंज कसा और शपथ लेने वाली सरकार को अधर में अटकी हुई करार दिया है। अखिलेश ने सोशल साइट एक्स पर लिखा है कि ऊपर से जुड़ा कोई तार नहीं, नीचे कोई आधार नहीं... अधर में जो है अटकी हुई वो तो कोई सरकार नहीं। बता दें कि नरेंद्र मोदी ने रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें प्राप्त हुई हैं और भाजपा लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बना सकी। हालांकि, एनडीए की कुल सीटें बहुमत से ज्यादा हैं। ऐसे में इसे एनडीए सरकार की कहा जा रहा है।

## रियासी में आतंकी हमला 10 तीर्थयात्रियों की मौत

श्रीनगर। जम्मू संभाग के रियासी जिले में रविवार शाम को आतंकवादी हमला हुआ। बताया जा रहा है कि गोलीबारी के बाद तीर्थयात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई है और 33 लोग घायल हैं। अधिकारियों ने शुरूआती रिपोर्टों का हवाला देते हुए बताया कि कटड़ा से शिवखोड़ी जा रहे तीर्थयात्रियों से भरी बस पर पोनी इलाके में हमला हुआ। जिसके बाद ड्राइवर ने बस पर नियंत्रण खो दिया और ये खाई जा गिरी। रियासी एसएसपी मोहिता शर्मा ने कहा, शुरूआती रिपोर्ट से पता चलता है कि शिव खोरी से कटरा जा रही यात्री बस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की। गोलीबारी के कारण बस चालक ने बस का संतुलन खो दिया। **विस्तृत खबरें पेज 7 पर**

# संसद में मैं आपकी आवाज बनूंगाः राहुल

## बोले कांग्रेस नेता- 24 लाख से अधिक छात्रों और उनके परिवारों को तबाह कर दिया

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत नरेंद्र मोदी पर नीट-यूजी मेडिकल प्रवेश विवाद को लेकर निशाना साधा और कहा कि परीक्षा में कथित 'अनियमितताओं' ने उनके नए कार्यकाल के लिए शपथ लेने से पहले ही 24 लाख से अधिक छात्रों को तबाह कर दिया है। गांधी ने देश के छात्रों को आश्वासन दिया कि वह संसद में उनकी आवाज बनेंगे और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे।

सोशल मीडिया एक्स पर हिंदी में लिखे एक पोस्ट में गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में अनियमितताओं ने 24 लाख से अधिक छात्रों और उनके परिवारों को तबाह कर दिया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एक ही परीक्षा केंद्र से छह छात्र अधिकतम अंकों के साथ परीक्षा में टॉपर रहे, जबकि कई छात्रों को ऐसे अंक मिले जो तकनीकी रूप से संभव नहीं हैं, लेकिन सरकार लगातार पेपर लीक की संभावना से इनकार कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने शिक्षा माफिया और सरकारी मशीनरी की मिलीभगत से चल रहे इस 'पेपर लीक उद्योग' से निपटने के लिए एक मजबूत योजना बनाई है।

**अपनी बात**

**नीट परीक्षा विवाद के बीच अब राहुल गांधी ने छात्रों को दिया आश्वासन**

**आपके भविष्य से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाऊंगा :** राहुल गांधी ने कहा, हमने अपने घोषणापत्र में कानून बनाकर छात्रों को 'पेपर लीक से आजादी' दिलाने का संकल्प लिया था। उन्होंने आगे कहा कि आज मैं देश के सभी छात्रों को भरोसा दिलाता हूं कि मैं संसद में आपकी आवाज बनूंगा और आपके भविष्य से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाऊंगा। उन्होंने कहा, हमने अपने घोषणापत्र में कानून बनाकर छात्रों को पेपर लीक से आजादी दिलाने का संकल्प लिया था।

**अंकों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय पैनल का हुआ गठन :** नीट-यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में अंकों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए जाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को घोषणा की कि शिक्षा मंत्रालय ने 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को दिए गए अनुग्रह अंकों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय पैनल का गठन किया है।












# अब एनडीए को दिया अल्टीमेटम

## अजित पवार ने दिखाए तेवर, कैबिनेट पद से कम मंजूर नहीं

मुंबई। राष्ट्रपति की ओर से एनडीए को सरकार गठन के लिए आमंत्रण मिलने के साथ नरेंद्र मोदी ने रविवार को तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली हैं। इसी के साथ राजधानी दिल्ली की सियासी सड़कों से लेकर देशभर के सियासी दलों तक हलचल है कि पीएम मोदी की सेना में बतौर कैबिनेट कौन-कौन शामिल हो रहा है। रविवार को दिनभर महाराष्ट्र से लगातार अलग-अलग खबरें आती रहीं। गठबंधन में मतभेद तक की बात सामने आई, लेकिन अब सब ठीक है। मामला क्लियर हो गया है। एनसीपी (अजित पवार) ने खुद आगे आकर कहा है कि वह फिलहाल मंत्रिमंडल में शामिल नहीं हो रहे हैं। बता दें कि एनसीपी से प्रफुल्ल पटेल को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पद दिए जाने की चर्चा थी, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया है।



बता दें कि, बीजेपी के तमाम सहयोगी दलों के दिग्गजों को मंत्री पद की शपथ के लिए फोन जा चुका है। जिनके पास फोन आया है, उन्होंने प्रधानमंत्री आवास पर नरेंद्र मोदी से मुलाकात भी कर ली है। इस बीच खबर आई थी कि एनडीए की सहयोगी एनसीपी में कैबिनेट मंत्री के पद को लेकर घमासान शुरू हो गया है।

हालांकि रविवार शाम को स्थिति स्पष्ट हो गई। हालांकि, रविवार शाम को सामने आया कि एनसीपी में आपसी मतभेद नहीं था, बल्कि वह राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के पद के बजाय केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री पद चाह रहे थे। इस बार में मीडिया को संबोधित करते हुए अजित पवार ने कहा कि, हमें राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के बारे में सूचना मिली लेकिन प्रफुल्ल पटेल खुद भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री पहले रह चुके हैं। हमें खुशी है कि उन्होंने हमें सूचना दी लेकिन उनके लिए यह पद लेना थोड़ा कठिन है...जो अटकलें लगाई जा रही हैं वह गलत हैं, कोई मतभेद नहीं है।

## कंगना को 'थप्पड़' मारने वाली कॉन्स्टेबल के समर्थन में किसान

नई दिल्ली। हरियाणा के जींद जिले के उचाना में उपमंडल कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे किसानों ने अभिनेत्री और भाजपा की नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ मारने की आरोपी उक्त्रत्र की महिला कॉन्स्टेबल कुलविंदर कौर को सम्मानित करने की शुक्रवार को घोषणा की है। धरने के संयोजक आजाद पालवां की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रदर्शनकारी किसानों की बैठक हुई, जिसमें कौर के हिरासत से रिहा होने के बाद उसे सम्मानित करने का सर्वसम्मति से फैसला लिया गया। पालवां ने कहा, इस मामले की चर्चा पूरे देश और पूरी दुनिया में हो रही है। कंगना रनौत अब भी यह कह रही हैं कि उग्रवाद, आंतकवाद को बढ़ावा देने के लिए लोग ऐसा कर रहे हैं। आज भी उनका जुबान पर नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा, कौर की भावनाओं को ठेस पहुंची थी। हम उनके साथ खड़े हैं। राजनेताओं को अपनी जुबान पर नियंत्रण रखना चाहिए। हमने फैसला लिया है कि कौर के हिरासत से रिहा होने पर उचाना धरने पर बुलाकर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। गुरुवार को चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर कौर ने रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया था। इस घटना के बाद एक वीडियो जारी कर कंगना ने कहा, उसने मुझे थप्पड़ मारा और मुझे गाली देनी शुरू कर दी। मैंने उससे पूछा कि उसने ऐसा क्यों किया, तो उस सिपाही ने कहा कि वह किसान आंदोलन का समर्थन करती है।

## जयंत चौधरी को एनडीए मंच पर नहीं मिली जगह

नई दिल्ली। संविधान सदन (पुरानी संसद) के केन्द्रीय कक्ष में भाजपा सहित एनडीए के सभी घटक दलों के नवनिर्वाचित सांसदों की आज एक संयुक्त बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना गया। इस बैठक में एनडीए घटक दलों के सभी अध्यक्षों या पार्टी के नुमाइंदों को एक मंच पर बैठाया गया था लेकिन राष्ट्रीय लोकदल के चीफ जयंत चौधरी को उस मंच पर जगह नहीं मिल सकी थी। उन्हें नवनिर्वाचित सांसदों के साथ पिछली बेंच पर बैठा देखा गया। इस पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने जयंत चौधरी पर कटाक्ष किया है और कहा है कि यह किसानों के मसीहा और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पोते का अपमान है। हालांकि, आरएलडी ने कहा कि यह कोई बड़ी बात नहीं है।

# पटनायक के पांडियन ने राजनीति से लिया संन्यास

भुवनेश्वर। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजेडी चीफ नवीन पटनायक के करीबी और बीजेडी नेता वीके पांडियन ने एक्टिव पॉलिटिक्स से संन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने रविवार को वीडियो जारी करते हुए संन्यास का ऐलान किया। वीडियो में उन्होंने कहा, मैंने खुद को सक्रिय राजनीति से अलग करने का फैसला किया है। अगर मैंने इस यात्रा में किसी को ठेस पहुंचाई है तो मुझे खेद है। यदि मेरे खिलाफ चले अभियान के कारण बीजेडी की हार हुई है तो मुझे खेद है।

ओडिशा में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 78 सीटें जीतकर पांच बार के सीएम पटनायक को सत्ता से बाहर किया है। बीजेडी को केवल 51 सीटें मिली हैं। पार्टी की हार की वजह पांडियन को बताया जा रहा था। पार्टी में उनके दबदबे की चलते स्थानीय नेता नाराज चल रहे थे। सीनियर लीडर्स भी पांडियन को लेकर खुश नहीं थे। वहीं, पांडियन को पटनायक का उत्तराधिकारी भी कहा जा रहा था।

तमिलनाडु में जन्मे वीके पांडियन को भाजपा ओडिशा की राजनीति में 'बाहरी' कहती रही है। पांडियन ने दिल्ली में अपनी पढ़ाई की थी। उन्होंने पंजाब कैडर के क्ठ्ठअर अधिकारी के तौर पर अपना करियर शुरू किया था। बाद में उड़िया महिला से शादी करने के बाद ओडिशा कैडर में ट्रांसफर ले लिया था। पांडियन ने शेयर किए 4.27 मिनट के वीडियो में कहा, मैं एक बहुत ही साधारण परिवार और एक छोटे से गांव से आता हूं। बचपन से ही मेरा सपना आईएएस में शामिल होकर लोगों की सेवा करना था। भगवान जगन्नाथ ने इसे पूरा किया।



केंद्रपाड़ा से अपने परिवार की वजह से मैं ओडिशा आया। जिस दिन से मैंने ओडिशा की धरती पर कदम रखा, मुझे ओडिशा के लोगों से अपार प्यार और स्नेह मिला है। धर्मगढ़ से लेकर राउरकेला, मयूरभंज से लेकर गंजम तक मैंने लोगों के लिए बहुत मेहनत की है।" पांडियन ने आगे कहा कि 12 साल पहले मैं सीएम कार्यालय में शामिल हुआ था। नवीन पटनायक के साथ काम करना सम्मान की बात थी। उनसे मुझे जो अनुभव और सीख मिली। वह जीवन भर के लिए है। उनकी कृपा, नेतृत्व, नैतिकता और सबसे बढ़कर ओडिशा के लोगों के प्रति उनके प्यार ने मुझे हमेशा प्रेरित किया।

उनकी मुझसे अपेक्षा थी कि मैं ओडिशा के लिए उनके विजन को लागू करूं और हमने स्वास्थ्य, शिक्षा, गरीबी उन्मूलन, खेल, निवेश, महिला सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे और मंदिर और विरासत परियोजनाओं में कई मील के पत्थर सफलतापूर्वक पार किए। हमने स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को तैयार करने के लिए 30 जिलों की यात्रा की। पांडियन ने आगे कहा कि युवाओं, स्कूल और कॉलेज के बच्चों के लिए काम करने से मुझे बहुत संतुष्टि मिली। कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ने की मेरी अपनी बचपन की यादों ने मुझे 5ळ के तहत स्कूल परिवर्तन के लिए माननीय सीएम के विजन को लागू करने में मदद की।

# 'शिकायतों का करें त्वरित निस्तारण'



पीडीडीयू नगर (चंदौली)। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं एवं तहसील स्तरीय विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।बैठक के दौरान समस्त उप जिलाधिकारी एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय योजनाओं में बेहतर क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए। उन्होंने आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में सभी अधिकारीगण को समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारित किये जाने के निर्देश दिए।

ऑनलाइन रेवेन्यू की मॉनिटरिंग बेहतर ढंग से किया जाए,उप जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बार एसोसिएशन के साथ बैठक कर 3 साल या 5 साल से अधिक लंबित विवादों में सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण में तेजी लाया जाए। भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई करते हुए तेजी लाई जाए। एसडीएम कोर्ट निर्धारित टाइम में बैठे एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए और कोट का वर्क बेहतर ढंग से किया जाए।

उन्होंने बताया कि रियल टाइम खतौनी कार्य में प्रदेश स्तर पर जनपद चंदौली का बेहतर प्रदर्शन रहा इसके लिए सभी को बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने हेतु बधाई दी। उन्होंने कहा कि रियल टाइम खतौनी में कुछ कमियां रही विवाद उत्पन्न हुए उसमें किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो, उसे देखकर सही कराया जाय। आय जाति निवास एवं अन्य आन लाइन प्रमाण पत्र जो तहसील स्तर पर जारी किया जाता है उसे समयबद्ध तरीके से जारी किया जाय।धरौनी का कार्य में बेहतर परिणाम लाए जिनका बन गया जनप्रतिनिधियों कि उपस्थिति में वितरण किया जाय।

जिलाधिकारी ने बीएड शैक्षिक सत्र 2024 - 26 में प्रवेश हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 का आयोजन जनपद में दिनांक 09 जून 2024(दिन रविवार)को सुचारू रूप से संचालन के संबंध में बैठक कर संबंधित अधिकारीगण को आवश्यक निर्देश दिए।बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2024 को सुचारू, सुचितापूर्ण एवं निर्विवाद एवं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित किए जाने हेतु शासन से कड़े निर्देश प्राप्त है। इसका कड़ाई से पालन करते हुए, जनपद में सम्पन्न कराया जाय। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त० रा० अभय कुमार पांडेय,अपर जिलाधिकारी न्यायिक के एस पांडेय, समस्त उप जिलाधिकारी एवं संबंधित उपस्थित रहे।

## दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने वाला अरेस्ट

पीडीडीयू नगर (चंदौली)। पुलिस अधीक्षक चन्दौली डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में जनपद चन्दौली में अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम के क्रम में दिये गये कार्यवाही हेतु आदेश निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर राजेश राय के नेतृत्व में वॉछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में चलाये जा रहे अभियान में प्रभारी निरीक्षक सैयदराजा सत्यनारायण मिश्र के कुशल निर्देशन में थाना सैयदराजा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में दहेज हेतु पत्नी की हत्या कर देने वाले वांछित अभियुक्त को उ0नि0 उदयभान यादव मय हमराहीयान द्वारा मुखबीर खास की सूचना पर अभियुक्त को दुधारी पुलिया से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्तनन्दन कुमार पुत्र श्यामनरायण निवासी ग्राम देवकली पोस्ट कमालपुर थाना धीना जनपद चन्दौली बताया जाता है। जिसपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

# पंद्रह ऊंट बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार



पीडीडीयू नगर (चंदौली)। तस्करी कर नागौर राजस्थान से पश्चिम बंगाल ले जाए जा रहे 15 ऊंट पुलिस ने किया बरामद ऊटो को डीसीएम वाहन में बुरी तरह से बांधकर रखा गया था।इस तस्करी की जानकारी पुलिस को मुखबीर से हुई,जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक चन्दौली डॉ0 अनिल कुमार ने अपर पुलिस अधीक्षक सदर विनय कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर राजेश राय के पर्यवेक्षण मे टीम गठित कर चेकिंग अभियान को शुरू कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सैयदराजा सत्यनारायण मिश्रा को सूचना मिली कि कुछ पशु तस्कर थाना सैयदराजा की सीमा से बिहार राज्य होते हुए गोवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक एक डीसीएम वाहन लादकर वध हेतु पश्चिम बंगाल ले जा रहे हैं इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सैयदराजा सत्यनारायण मिश्रा के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 आलोक कुमार सिंह मय हमराहीयान द्वारा एनएच 02 हाईवे पर स्थित पुलिस पिकेट के पास से एक डीसीएम वाहन को पकडा पुलिस को चकमा देने की नियत से पशु तस्करों द्वारा डीसीएम वाहन के ऊपर त्रिपाल बिछाकर ऊँटो को क्रूरता पूर्वक मुँह व पैर बांधकर लादा गया था।वही मौके से तीनअभियुक्त वसीम खान पुत्र पुतन खान निवासी ग्राम ताजपुर थाना नानपारा जनपद बहराईच उ0प्र.,रिजवान खान पुत्र सब्बीर निवासी ग्राम ताजपुर थाना नानपारा जनपद बहराईच उ0प्र0 वह आमिर पुत्र अब्दुल सलाम निवासी ग्राम बागपत थाना बागपत जनपद बागपत उ0प्र0 बताए जाते हैं जिनपर पुलिस संबंधित धरा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई। पकड़े गए अभियुक्तो द्वारा बताया गया कि डीसीएम वाहन में क्षमता से अधिक ऊँट लदे है जिन्हे हम लोग नागौर राजस्थानीय से व्यापारी के माध्यम से लोड करवाकर वहाँ से उक्त ऊँटो को आसनसोल पश्चिम बंगाल ले जा रहे थे।

एकत्र ऊँटो को वाहन उपरोक्त से लादकर राजस्थान से होते हुए जयपुर भरतपुर, आगरा, इटावा, कानपुर, वाराणसी, चन्दौली,बिहार होते हुए आसनसोल जा रहा था। पकड़े गए तस्करों के पास से15 ऊँट (14 राशि जीवित व 01 मृत) एक डीसीएम वाहन, 7115 रुपये नगदी व तीन मोबाईल बरामद हुए।

# अवैध खनन करते दो जेसीबी व ट्रैक्टर सीज



संतोष अग्रहरि

नियमताबाद (चंदौली)। जिले के खजूर गांव में हो रहे अवैध खनन में लिप्त जेसीबी और ट्रैक्टरों की हो रही है खोज आपको बताते चलें विगत कई महीनो से खजूर गांव के पास अवैध खनन का कार्य किया जा रहा था जिससे निकली हुई दर्जनों ट्रैक्टर मिट्टी परोरवां और दरियापुर होते हुए पंचवटी रामनगर की सीमा में जाता था शुक्रवार की भोर में उप जिलाधिकारी और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मार कर रंगे हाथ मिट्टी खनन करते हुए दो जेसीबी और एक ट्रैक्टर को सीज कर दिया था कई ड्राइवर ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग गए एक जेसीबी भी मौके से भागने में सफल रहा सूत्रों के अनुसार जेसीबी मशीन और ट्रैक्टरों की तलाश की जा रही है जो निरंतर यहां होने वाले अवैध खनन में लिप्त हैं। उप जिलाधिकारी विराग पांडे के अनुसार अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी जारी रहेगा और इसमें लिफ्ट पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# अयोध्या की तरह काशी भी हार जाती भाजपा

रामयश मिश्रा

वाराणसी। लोकसभा चुनाव में अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी के हार पर सोशल मीडिया पर लोगों ने अयोध्यावासियों के बारे में बहुत कुछ लिखा, देशद्रोही से लेकर जयचंद तक कहां गया । लेकिन किसी ने यह जानने की कोशिश नहीं की अयोध्या वासियों ने आखिर में जो भगवान राम को लाने का दावा कर रहे थे उनके ही प्रत्याशी को क्यों चुनाव में हरा दिया। उसके अंदर की कहानी, उनकी वेदना, कष्ट और दुख। को किसी ने समझाने का प्रयास नहीं किया।

कुछ ऐसे ही वेदना और दुख काशी वीडियो में भी है लेकिन चुकी बनारस से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी चुनाव लड़ रहे थे इसलिए यहां के नागरिकों ने अपने इज्जत से बड़ा अपने प्रधानमंत्री की इज्जत को समझा और काशी से प्रधानमंत्री को जिताकर संसद भवन में भेजा। अगर मोदी जी नहीं रहते तो बनारस का भी वही हाल होता जो आज अयोध्या का है।



अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर जबसे बनाना शुरू हुआ तभी से अयोध्या वासियों की उपेक्षा होने लगी। सबसे पहले तो विकास के नाम पर उनके मकानो को तोड़ा गया। फिर अपने ही भगवान का दर्शन पूजन करने में तमाम रोडे अटकाए जाने लगे। अयोध्या के नागरिक, संत महात्मा या तो लाइन में लगकर भगवान राम का दर्शन करें या तो मंदिर बनवाने वाली तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के लोगों से जी हजूरी करके उनसे पास बनवाने की जी हजूरी करें । इसके बाद अयोध्या में आए दिन होने वाले विशेष आयोजनो, दीपोत्सव में भी अयोध्या वासियों को दरकिनार किया जाने लगा उनको बात-बात पर अपमानित किया जाने लगा। उनको अपने ही नगर अयोध्या में आने जाने से रोका जाने लगा। ये पीड़ा अयोध्या के लोगो के मन में बैठ गई। साथ ही अति विशिष्ट अतिथियों के आगमन और मार्गों पर रोक-टोक से अयोध्या के लोग अपने ही नगर में बेगाने होने लगे। रही सही कसर विकास के नाम पर अयोध्या में हुई व्यापक तोड़फोड़ मैं कर दिया जिसमें सैकड़ो लोगों का मकान तोड़ा गया, व्यापारियों को विस्थापित किया गया और उनको उसके बाद ना तो सही ढंग से मुआवजा मिला और ना ही रोजगार मिला पुनर्वास के लिए आवंटित परिसर में भी 20 से 30 गुना तक दाम वसूले जाने लगे। इसके साथ ही अयोध्या क्षेत्र में स्थानीय धमार्चार्य एवं नागरिकों को आने-जाने से रोका जाने लगा। उनके विशेषाधिकार की उपेक्षा की जाने लगी। मंदिर के लिए बना तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने भी इस पर कोई विचार नहीं किया। अयोध्यावासी या तो लाइन लगाकर दर्शन करें या विशेष पास के लिए तीर्थ क्षेत्र के पदाधिकारी से जी हजूरी करें। इसके साथ ही अयोध्या में बेलगाम अफसरशाही व्यवस्था ने भी अयोध्या वासियों को बहुत अपमानित किया। भाजपा को पिछले पांव में धकेलना के लिए यह बेलगाम अधिकारी बहुत जिम्मेदार है। कुछ वर्षों से दौरान राम मंदिर में महंत पुजारी के मुकाबले कुछ प्रमुख पदो पर बैठे अधिकारियों की ही चल रही हैं।

इसके कारण अयोध्या के आम नागरिकों, संतों और खुद बीजेपी के कार्यकताओं को कार्यकताओं की कुछ नहीं नहीं चल रही हैं । इसका परिणाम हुआ कि भाजपा अयोध्या के आम निवासियों, संतों महंतों से दूर होती गई और इसका ही परिणाम आज उसे हार के रूप में देखना पड़ रहा है। कुछ ऐसे ही स्थित बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी की भी है। पर यहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव लड़ रहे थे इसलिए यहां की जनता अपमान का घुट पीकर अपने प्रधानमंत्री को जीताने का कार्य किया।



# शहीदी गुरु पर्व सम्पन्न

डीडीयू नगर (चंदौली)। सिखों के पांचवें गुरु शहीदों के सरताज साहिब श्री गुरुअर्जन देव महाराज के शहीदी गुरु पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व सिख समुदाय के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को पाठ पूजन के दौरान कच्ची लस्सी व घुघरी प्रसाद की छबील दोनों गुरुद्वारों पर लगाई गई। तपती गर्मी में राजगीरों को प्यास बुझाने का काम किया। बताते चलें कि सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरुअर्जन देव महाराज को इसी तारीख पर तपती गर्मी में लोहे के तवे के ऊपर गरम बालू रेत डालकर शहीद किया गया था, जिसे देखते हुए समाज के लोगों द्वारा पूरे देश में शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मुगलसराय के गुरुद्वारा जीटी रोड व धर्मशाला रोड पर सुबह 11 बजे से लेकर देर शाम तक प्रसाद वितरित होता रहा। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व चढदी कलाकार सेवा संस्था के साथ ही सिक्ख समाज के लोग मौजूद रहे।

# मुस्लिम महिलाओं पर टिप्पणी पड़ी भारी



डीडीयू नगर। जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार नजर बनाये हुए है। किसी भी प्रकर का अभद्र टिप्पणी करने वालो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिसके तहत बुधवार की रात्रि में सोशल मीडिया (फेसबुक) पर असमाजिक बात लिखकर हिन्दू-मुस्लिम भाईचारा व सौहार्द बिगाड़ने जैसा माहौल बनाने के सम्बंध में स्थानीय पुलिस ने दो युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के काली महाल निवासी जितेन्द्र गुप्ता पूर्व सभासद ने बुधवार की रात्रि में एक गंदी अभद्र टिप्पणी लिखकर व एक धर्म विशेष को टार्गेट करके मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किया गया।वर्तमान सांसद विरेन्द्र सिंह का नाम लेकर सोशल मीडिया साईट (फेसबुक) पर पोस्ट कर दिया। जिसके बाद सोशल मिडिया पर कमेंट बाजी शुरू हो गया।जो देखते ही देखते मामला बढ़ता गया। गुरुवार को सुबह सपा कार्यकताओं ने पूर्व सभासद जितेन्द्र गुप्ता के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दिया।इस सम्बंध में सपा के विधायक प्रत्याशी चन्द्रशेखर यादव ने बताया कि पूर्व सभासद व भाजपा नेता जितेन्द्र गुप्ता द्वारा सोशल मीडिया पर इस तरह का अभद्र टिप्पणी करना मुस्लिम समाज व स्वस्थ समाज के लिए बहुत ही घातक है। जिससे आपसी भाई-चारा खराब हो सकता हैं। युवाओं में स्वस्थ समाज में इस टिप्पणी का रोष व बहुत ज्यादा गुस्सा है। इस तरह की बात शोसल मीडिया (फेसबुक) पर लिखकर माहौल खराब (दंगा) करने जैसी स्थिति पैदा हो सकता हैं। यह बहुत ही निन्दनीय कार्य लिखकर सोशल मीडिया पर किया गया है। इस सम्बंध में कोतवाल विजय बहादुर ने बताया कि मिले हतरीर के अनुसार जितेन्द्र गुप्ता को थाने बुलाया गया था। जिस पर जितेन्द्र द्वारा माफी मॉगा गया और आगे से इस तरह का किसी भी प्रकार का पोस्ट करने से मना किया। जिसे मॉफीनामे के बाद छोड़ दिया गया। वही दूरी ओर कैथापुर निवासी एक युवक को भी विधायक पर टिप्पणी करने के आरोप में थाने बुलाया गया। उसे भी चेतावनी देते हुए छोड़ दिया गया। वहीं कैथापुर निवासी पवन श्रीवास्तव ने विधायक के खिलाफ सोसल मीडिया पर टिप्पणी किया है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तब पवन का नाम नमन मिला जांच में नमन ने बताया कि 2 दिन पहले मेरा फेसबुक हैंक कर लिया गया था। जिसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है।

# आईआईटी जेईई में ड्रीम गुरुकुल कोचिंग के छात्र आकाश ने जिले का नाम किया रोशन



डीडीयू नगर। ड्रीम गुरुकुल कोचिंग के छात्र आकाश यादव ने आई.आई.टी.जेईई एवं एडवान्स की परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद चन्दौली सहित ड्रीम गुरुकुल कोचिंग के साथ साथ अपने माता-पिता तथा जनपद का नाम गौरव गौरवान्वित किया है। आकाश ने मेन्स में 98.23% का स्कोर किया तथा एडवान्स में 8456 रैन्क लाया है।

आकाश के पिता रमेश यादव पूर्व आर्मी मैन है। बहुत ही साधारण परिवार के मगर उच्च संस्कार, वाले आकाश इसी साल अपनी 12 वी की परीक्षा 91% से उत्तीर्ण किया। आकाश ड्रीम गुरुकुल सबसे अनुशासित एवं रेगूलर छात्र है परिणाम आने के बाद कोचिंग सहित घर में खुशीयो का माहौल है। आकाश को लगातार बधाईया मिल रही है।

इस मौके पर कोचिंग के डायरेक्टर अंकित पाण्डेय ने आकाश एवं उनके पिता का अभिनंदन किया। अंकित जी ने कहा कि इस परिणाम का इन्तजार इस कदर था कि रात भर नींद नहीं आई। आकाश ने परिणाम का श्रेय विशेष रूप से डायरेक्टर अंकित जी को उनके लगातार मार्गदर्शन के एवं सभी अध्यापकों को दिया है। आकाश ने परिवार एवं अपने माता-पिता का उल्लेख करते हुए कहा की मेरे अभिभावक ने मुझे लगातार प्रेरित किया। अंत में आकाश के पिता रमेश जी ने भी अपने बेटे आकाश के साथ ये खुशी व्यक्त किया एवं ड्रीम गुरुकुल कोचिंग का विशेष आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कविता मिश्रा सचिन सिंह,अरुण यादव, प्रदीप पाण्डेय, आलोक द्विवेदी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# नौ किशोरों का रेस्क्यू, दो ट्रैफिकर अरेस्ट

पीडीडीयू नगर (चंदौली)। आरपीएफ डीडीयू के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत के नेतृत्व में उप निरीक्षक अर्चना कुमारी मीना,निशांत कुमार,प्रधान आरक्षी आर.के. सुब्रमण्यम,आरक्षी भूपेंद्र यादव साथ बचपन बचाओ आंदोलन टीम की चंदा गुप्ता द्वारा ऑपरेशन आहट के तहत गस्त एवं चेकिंग के क्रम में ट्रेन संख्या 12487 अप सीमांचल एक्सप्रेस डीडीयू जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 06 पर आगमन के पश्चात उक्त गाड़ी के पीछे के तरफ सामान्य कोच में दो व्यक्तियों को अपने साथ 09 नाबालिक लड़को के साथ संदिग्ध हाल में देखा गया। वयस्क दोनो व्यक्तियों से पूछने पर इधर उधर की बात की जाने लगी। संदेह होने पर नाबालिक बच्चों से पूछताछ करने पर सभी बच्चों ने बताया कि हम लोग दिल्ली में लक्ष्मी टॉयज कंपनी मे खिलौना बनाने का काम करने के लिए जा रहे है। मामला संदिग्ध पाकर सभी नौ नाबालिक बच्चो एवं दोनों व्यक्ति को आवश्यक पूछताछ हेतु गाड़ी से नीचे उतारा गया और पोस्ट पर लाया गया। जहाँ पूछताछ/काउंसलिंग के दौरान पाया गया कि बच्चों को ट्रैफिकिंग कर ले जा रहे दोनों व्यक्तियों का नाम व पता क्रमशः(1) छेदी सदा,उम्र 22 वर्ष,पुत्र घूरन सदा,निवासी हलधरा,थाना कुसार्काटा, जिला-अररिया (बिहार) एवं (2)छोटू,उम्र 20 वर्ष,पुत्र बीरेन,निवासी-तारबारी,थाना महलगांव,जिला-अररिया (बिहार)एवं रेस्क्यू किये गये सभी नाबालिक बच्चे जिला अररिया बिहार को दिल्ली में लक्ष्मी ट्वायज



कंपनी में खिलौने बनाने के लिए सीमांचल एक्सप्रेस से अपने खर्चे पर लेकर जा रहे है।

जहां इनको सुबह 08/00 बजे से रात के 08/00 बजे तक बाल मजदूरी करवाया जायेगा एवं इसके एवज में प्रति माह मजदूरी के रूप में बच्चों को 6,000/-रुपए दिया जायेगा। ट्रैफिकर द्वारा बताया गया कि इस कार्य से हम दोनों को कुछ मुनाफा हो जाता है। साथ ही बताया कि इनके द्वारा बच्चों के परिजन को 1000/-से 1500/-रुपया तक एडवांस दिया गया है।

चाइल्ड ट्रैफिकिंग का अपराध पाकर उक्त सभी नाबालिग बच्चों को सुरक्षित पुनर्वास हेतु रेलवे चाइल्ड हेल्प लाइन पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन के टीम मेम्बर शम्भू यादव को सही सलामत सुपुर्द किया गया और अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु उक्त दोनों अभियुक्तगण छेदी सदा व छोटू को शिकायत पत्र के साथ स्थानीय थाना कोतवाली मुगलसराय को सौंपा गया। जहां पर अभियुक्तों के विरुद्ध धारा- 370 भा0 द0 वि0 दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की गई।

# खुशीः 5 दंपति फिर एक साथ रहने को हुए राजी



चंदौली। रविवार को 05 परिवार से पति व परिजनों के विरुद्ध पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्रों पर दोनों पक्षों को जरिये नोटिस मोबाइल द्वारा सूचित कर महिला थाना परिवार परामर्श केन्द्र पर बुलाकर पारिवारिक मूल्यों एंव महत्व को बताते हुए महिला थाना प्रभारी प्रियंका सिंह के अथक प्रयास से समझाया बुझाया गया। दोनों पक्ष आपसी सहमति एवं बिना किसी जोर दबाव के अपनी बीती हुई बातों गलतियों को स्वीकार कर नये सिरे से पुनः पतिपत्नी की तरह एक दूसरे का सम्मान करते हुये रहने को तैयार हुये। महिला थाना परिवार परामर्श केन्द्र से दम्पति के बीच पारिवारिक विवाद को समाप्त कराते हुये टूटते हुये रिश्ते को बचाते हुये पतिपत्नी को परिजनों के साथ राजी खुशी भेजा गया।

# महिला की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

डीडीयू नगर। क्षेत्र के पचफेड़वा स्थित एसएस हॉस्पिटल के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने जमकर हंगामा किया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बूझाकर उन्हें शांत कराया।सदर कोतवाली क्षेत्र के फगुईया बसारिकपुर निवासी मोहन प्रसाद की 57 वषीर्या पत्नी आयुष्मान कार्ड धारक सावित्री देवी की तबीयत खराब होने पर उनके पुत्र दीपक कुमार ने उसे पचफेडवा स्थित एसएस हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां जांच के दौरान उनकी किडनी में पथरी पाई गई।जिसका ऑपरेशन एस एस हास्टपीटल में शनिवार को किया गया। परिजनों के अनुसार ऑपरेशन के बाद उसकी हालत खराब होने लगी। तब डॉक्टरों ने उसे वाराणसी के हेरिटेज हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। जहां से हालत गंभीर होने पर उसे चितईपुर के एक निजी अस्पताल में परिजन ले गए। रविवार की दोपहर साढ़े बारह बजे उसकी मौत हो गई। साथ ही डॉक्टरों ने ऑपरेशन में लापरवाही होने की बात कही। इससे आक्रोशित मृतका के परिजन शव लेकर पचफेडवा स्थित अस्पताल पहुंचकर जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामा की सूचना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझाबूझाकर मामला शांत कराया। इस बाबत अलीनगर थाना



प्रभारी निरीक्षक शेषधर पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

## बगैर परमिशन मिट्टी के अवैध खनन पर जेसीबी जब्त, हड़कंप

सकलडीहा। क्षेत्र के रतनपुरा गांव में गुरुवार को जेसीबी से मिट्टी की अवैध खनन की सूचना पर एसडीएम अनुपम मिश्रा खनन विभाग के अधिकारी के साथ मौके पर पहुँच जेसीबी को जब्त कर लिया। लेखपाल को अवैध खनन की एरिया का सीमांकन करने का निर्देश दिया गया। एसडीएम की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। खनन विभाग ने लेखपाल के रिपोर्ट पर जुर्माना लगाने की बात कही है। तहसील क्षेत्र में बगैर परमिशन की प्रतिदिन हो रहे मिट्टी की अवैध खनन को लेकर तहसील प्रशासन सख्त है। गुरुवार को सूचना मिली कि भोजापुर ग्राम पंचायत के रतनपुरा गांव में निजी जमीन का खनन किया जा रहा है। खनन के दौरान निकलने वाली मिट्टी को ऊंचे दाम पर बिक्री कर राजस्व का नुकसान किया जा रहा है। इस सूचना पर तत्परता दिखाते हुए एसडीएम अनुपम मिश्रा ने खनन अधिकारी गुलशन कुमार को साथ मौके पर पहुंचकर छापेमारी किया। अधिकारियों के आने से पूर्व अवैध खनन करने वाले भाग खड़े हुए। जहां पर जेसीबी से मिट्टी की खुदाई करते हुए पाई गई। इस पर एसडीएम अनुपम मिश्रा ने जेसीबी को जब्त करने का निर्देश दिया।

# दस दिवसीय ई-रिक्शा प्रशिक्षण का हुआ आगाज

चंदौली। शहाबगंज स्थित चौहान भवन में मिशन शक्ति योजना के अन्तर्गत ई- रिक्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरुवार को जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र चंदौली के वरिष्ठ सहायक धर्मवीर कुमार तथा सीएमडी रिपे ग्रूप के बिरेन्द्र कुमार मिश्रा, यूपिकान लखनऊ के अमन पाठक द्वारा दीप प्रज्जवलित कर 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इसके बाद प्रशिक्षण किट तथा ड्रेस वितरित भी किया गया। इस दौरान बिरेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि ई-रिक्शा प्रशिक्षण के तहत अभ्यर्थियों को 04 दिवस व्यवहारिक प्रशिक्षण तथा 06 दिवसीय सैद्धान्तिक प्रशिक्षण कराया जायेगा, जिसमें यातायात नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी तथा ई-रिक्सा चलाने का प्रशिक्षण कुशल प्रशिक्षक द्वारा



कराया जायेगा। वरिष्ठ सहायक धर्मवीर कुमार द्वारा नारी शक्ति जागरूकता के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा महिला उद्यमी के लिए विभाग की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री रोजगार कार्यक्रम ऋण योजना की जानकारी दी गयी तथा प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम में आत्मरक्षा तथा सुरक्षा की जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में श्रीकान्त, राहुल तिवारी, शशिकान्त, रिंकी, सतीश, दिनेश कुमार का योगदान रहा।

# अधेड़ की गला रेतकर हत्या से मचा हड़कंप



बेल्थरारोड। भीमपुरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत भीमपुरा बाजार में घर के बाहर में सो रहे विनोद कुमार सिंह (55) की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दिये जाने की घटना से पूरे इलाके में हडछ्कंप मचा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक के भाई दिनेश कुमार सिंह पुत्र स्व. शिवशंकर सिंह की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध धारा 302 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरु कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

जानकारी के अनुसार भीमपुरा निवासी विनोद सिंह (55) का बाजार में मकान है। गुरुवार की रात्रि में अज्ञात लोगों ने किसी धारदार हथियार से उनकी निर्मम तरीके से हत्या कर दी। घटना की जानकारी तब हुई, जब शुक्रवार की सुबह दुकानदार मेन शटर का ताला खोलने के लिए मकान मालिक के पास पहुंचा। उसने देखा कि विनोद सिंह का शरीर खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा था। यह देख दुकानदार घबराकर बाहर आया और सबको सूचना दी। मृतक चारपाई से गिरकर दरवाजे के पास सिर्फ अंडरवियर में जमीन पर पड़ा हुआ था। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। पुलिस कप्तान देवरंजन वर्मा एवं अपर पुलिस अधीक्षक एके झा ने भी संयुक्त रूप से घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा भीमपुरा पुलिस को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**ट्रेलर की चपेट में आने से अधेड़ की मौत : फेफना।** फेफना-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित खोरीपाकड़ गांव के सामने गुरुवार की देर रात गिट्टी लदे अनियंत्रित ट्रेलर की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। वही, सड़क के किनारे लगा विद्युत पोल, तार, पान का दुकान और मकान क्षतिग्रस्त हो गया। इससे बिजली गुल हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर मुआवजे की मांग करते हुए चक्काजाम कर दिया। मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर सदल-बल पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। तत्पश्चात पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात फेफना-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवरलोड गिट्टी लदी ट्रेलर फेफना की तरफ से जाते समय खोरीपाकड़ गांव के सामने अनियंत्रित होकर विद्युत प्रवाहित पोल, तार, पान की दुकान तथा एक मकान की चारदीवारी को तोड़ते हुए टेंपो के ऊपर सोये खोरीपाकड़ निवासी हरिशंकर राजभर (55) पुत्र गुरी राजभर को जोरदार टक्कर मार दी। इससे हरिशंकर राजभर की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। घटना से गुस्साये लोग शव को सड़क पर रखकर मुआवजे की मांग करते हुए चक्काजाम कर दिया। इससे लगभग दो घंटे तक आवागमन बधित रहा। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी सदर शुभसूचित ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घटना के बाद चालक ट्रेलर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रेलर को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। इधर, फेफना थाना प्रभारी गजानन्द चौबे ने बताया कि अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़ी दो-तीन वाहनों को घसीट दिया। एक अधेड़ की मौत हो गई। ट्रेलर का चालक फरार है। गाड़ी को किनारे कर आवागमन चालू कर दिया गया है।

## युवाओं को दे रहा स्वरोजगार का प्रशिक्षण

मऊ। निदेशक कुमार गौरव यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने बताया कि भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशन में मऊ जनपद के अग्रणी बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा ग्रामीण युवाओं को यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) परदहा, मऊ में विभिन्न व्यवसाय हेतु स्वरोज्गारोंमुख प्रशिक्षण निःशुल्क दिए जाते हैं। जिसमें प्रशिक्षण, प्रैक्टिकल, स्टेशनरी, भोजन इत्यादि सब कुछ पूर्णतया निःशुल्क है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए मऊ जनपद के ग्रामीण क्षेत्र के निवासी एवं आयु सीमा 18-45 वर्ष, बीपीएल को वरीयता ट्रेड के अनुसार दी जायेगी। यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में संचालित किये जाने वाले मुख्य प्रशिक्षण प्रशिक्षण दिए जाते हैं। संस्थान में अभी 10 दिवसीय बकरी पालन एवं 13 दिवसीय जूट प्रोडक्ट उद्यमी का प्रशिक्षण चल रहा है। साथ हीं जून माह में 10 जून से पापड़, अचार एवं मसाला पाउडर उद्यमी, 12 जून से सॉफ्ट टॉय, 18 जून से अगरबत्ती इत्यादि कोर्स प्रस्तावित है।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर मनाई खुशियां

मऊ। चुनाव परिणाम के बाद जिला भाजपा कार्यालय के सामने शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर तथा एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर ढोल नगाड़ों के साथ खुशियां मनाई। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष नूपुर अग्रवाल ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता का जनादेश शिरोधार्य है। जनता ने तीसरी बार मोदी सरकार के संकल्प को साकार किया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत के राजनीतिक इतिहास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे राजनेता हैं, जो नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने भाजपा को सबसे अधिक सीट दिलाकर एनडीए को फिर सबसे बड़े गठबंधन के रूप में स्थापित किया है। पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह ने प्रदेश और देश की जनता को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जनादेश फिर एक बार मोदी सरकार के लिए है। देश की जनता ने मां भारती के चरणो में फल और फूल दोनों अर्पित किया है। पूर्व जिलाध्यक्ष मुन्ना दूबे ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा विकसित भारत, भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए संकल्पित है। जनता ने आइएनडीआइए गठबंधन के षड्यंत्र एवं झूठ को नकारते हुए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का स्पष्ट जनादेश एनडीए को दिया है। जिला महामंत्री राकेश मिश्र ने जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार जनता की उम्मीद और आकांक्षाओं पर खरी उतरेगी। तेजी के साथ विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। मीडिया प्रभारी कृष्ण कांत राय ने कहा कि दो सीट से अपनी वैचारिक यात्रा प्रारंभ करने वाली पार्टी के लिए तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ भारत की सेवा का अवसर मिलना यह जनता के प्यार एवं स्नेह से ही संभव है। इस अवसर पर गणेश सिंह, संजय पांडेय, रमेश राय, संजीव जयसवाल, विनोद वर्मा, अंजनी सिंह, रामप्रवेश राजभर, नीरज राही, सुधीर सोनकर, राहुल उपाध्याय, धर्मेंद्र राय, मीना अग्रवाल, ज्योति सिंह, संदीप श्रीवास्तव, हेमंत राय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बच्चा चोरी करने वाला गिरफ्तार



आजमगढ़। शहर कोतवाली अंतर्गत जिला महिला अस्पताल से चन्दन पाल पुत्र लालचन्द्र पाल निवासी हरसिंहपुर थाना जीयनपुरका नवजात बच्चा चोरी हो गया था। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही थी। इसके लिए दो टीमों का गठन किया गया था। इस संबंध मेंचार जून को अभियुक्ता सरोज पुत्री हंशराज निवासी ग्राम मातनपुर थाना कंधरापुर को उसके घर मातनपुर से गिरफ्तार कर अपहृत बच्ची को बरामद किया गया था। विवेचना के दौरानयह प्रकाश में आया कि अभियुक्ता ने सूरज कुमार उर्फ पप्पू पुत्र महजू निवासी बरईपुर थाना कन्धरापुर व अन्य साथियों, मनोज राम, संगीता के साथ मिल कर अस्पताल से बच्चा चोरी किये थे। गुरूवार को पुलिस ने अभियुक्त सूरज कुमार उर्फ पप्पू पुत्र महजूराम निवासी बरईपुर थाना कंधरापुर व संगीता पत्नी कमलेश कुमार निवासी बेदपुर थाना रौनापार को राजघाट तिराहा से गिरफ्तार किया गया।

**लड़की से लड़का बनाने की चाह में दिया घटना को अंजाम : पटवध (आजमगढ़)।** बच्चा चोरी के मामले में पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि अभियुक्ता सरोज, सूरज कुमार के साथ रिलेशन में थी। सूरज कुमार को एनआईए (स्पोर्ट्स कोच) की पढाई हेतु तीन लाख रुपये की आवश्यकता थी। सरोजा की बहन संगीता जो पवई ब्लाक में सरकारी अस्पताल में कार्यरत है, ने तंत्रमंत्र के जरिये किसी भी लड़की को लड़का बनाने की योजना बनाकर पैसा ऐंठने की तरकीब सोची। संगीता ने उसके साथ काम करनें वाले मनोज राम पुत्र केवल राम निवासी गड़ौरा मझौरा जिसकी दो लड़कियां थीं उसकी होनें वाली सन्तान को तंत्रमंत्र से लड़का बनानें की बात बताया तो मनोज राम तैयार हो गया। मनोज राम की पत्नी रेनू देवी जो पेट से थी जिसको झूठे तंत्रमंत्र के जरिये लड़का होनें की बात कहते रहे। परन्तु उसे लड़की पैदा हुयी। यह बात मनोज राम से बर्दाश्त नहीं हुयी। मनोज राम से कहा गया कि यदि यह लड़की मार दी जाय तो उसे लड़का बनाया जा सकता है, तो मनोज राम नें अपनी 15 दिन की लड़की को अपने पवई स्थित सरकारी आवास में जान से मार दिया। इसके बाद उस नवजात बच्ची के शव को सरकारी आवास से कुछ दूरी पर हाइवे के किनारे स्थित डीह बाबा के स्थान पर रख दिया गया। अभियुक्तों के पास से दो बण्डल कपड़े (घटना में प्रयुक्त), दो बण्डल तंत्रमंत्र पूजा में प्रयुक्त सामाग्री बरामद की गई। अभियुक्तों को उपरोक्त धाराओं में चालान किया गया।

## 'चिकित्सा सेवा संघ' का चुनाव हुआ सम्पन्न

आजमगढ़। राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय नगर आजमगढ़ में प्रांतीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ लखनऊ शाखा जनपद आजमगढ़ का द्विवार्षिक कार्यकारणी का चुनाव प्रान्तीय निर्वाचन अधिकारी डा.उदयभान यादव उपमहासचिव आयुर्वेद तथा डा.तीर्थराज मण्डलीय सचिव मण्डल आजमगढ़ की उपस्थिति एवं देख रेख में सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ, जिसमे अध्यक्ष के रूप में डा.मनीष, सचिव डा.जितेंद्र यादव, उपाध्यक्ष डा.योगेश सिंह कुशवाहा आयुर्वेद, डा.नीलम महिला, डा.अजीम असरफ यूनानी, उपसचिव डा. अभिषेक यादव आयुर्वेद, डा. गरिमा महिला, डा. फिरदौस कौसर यूनानी आय व्ययक निरीक्षक डा.संजय सिंह कार्यकारणी सदस्य डा.अजित कुमार राय, डा.चंद्रशेखर, डा.मोनिका अग्रवाल, डा.अरुण कुमार पाण्डेय निर्वाचित घोषित किए गए। अध्यक्ष डा.मनीष ने कहा कि हमारी प्राथमिकता चिकित्सा संवर्ग के सभी चिकित्साधिकारियों के हितों की रक्षा करना है।

# आसमान से बरसी आग, पारा 46 डिग्री पार





गाजीपुर। जिले में सोमवार को धूप के तेवर तीखे रहे। तापमान 44 डिग्री होने से मानव के साथ पशु पक्षी भी बेहाल हो उठे। आसमान से मानों आग बरस रही हो। पिछले कई दिनों से जिले में चल रही लू से से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। शहर के साथ ही जिले की प्रमुख बाजारों में दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर को भीषण गर्मी के बीच पसीना से नहाते हुए घर को पहुंचे हैं। शुक्रवार को दिन में 11 बजे के बाद से ही आसमान से आग बरसने लगी। लू के थेपेड़ों से सड़क पर आने जाने वालों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। सिर पर गमछा रख कर चलने पर भी धूप बदन बेध रही थी। गर्मी के चलते कूलर पंखे गर्म हवा देने लगें। सोमवार को अधिकतम तापमान 46.4 व न्यूनतम 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार पांच से छह दिन और लगातार हीट वेव का अलर्ट रहेगा, 12 जून तक राहत के आसार नहीं हैं।

**हाथ से पंखा झुला रहे लोग :** लू के कारण बीमारियां बढ़ गई हैं और उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जिला अस्पताल में मरीजों से सभी बेड फुल नजर आ रहे हैं। पंखा धीरे चलने के कारण तीमारदार हाथ से पंखा झाल रहे हैं। बढ़ते तापमान से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। छोटे बच्चों से लेकर युवा और बुजुर्ग तक सभी का हाल बेहाल है।

**तालाब-नलकूप पर कर रहे मौज मस्ती :** गर्मी में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के तालाब , पोखरे फुल चल रहे हैं सुबह से लेकर देररात तक चल रहे हैं। यहां बच्चे और महिलाएं भी मस्ती करती देखी जा रही हैं। इसके अलावा गांव देहात के लोग भी स्वीमिंग का आनंद अपने नलकूपों और तालाबों के साथ नहरों में ले रहे हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए घंटों स्नान लोग आनंद ले रहे हैं।

**सब्जियों सहित सूखने लगीं फसलें :** तेज धूप और लू के कारण सब्जियों के साथ अन्य फसलें भी सूख रही हैं। इन दिनों टमाटर और खीरे की फसल सूख रही हैं। वहीं पहलेजा भी सूखती नजर आ रही है। किसान खेतों में नमी बनाने के लिए बार-बार सिंचाई करने के लिए विवश हो रहे हैं। गर्मी में टमाटर और खीरे की फसल सूख रही है। वहीं मक्का व गन्ना की फसलें भी सूखने लगीं हैं।

# ढाई करोड़ की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



मीरजापुर। थाना अदलहाट व एसओजी सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने करीब 2.5 करोड़ की हेरोइन के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद हेरोइन चार पहिया वाहन से ले जाया जा रहा था। जिसे जप्त किया गया है। पकड़े गए आरोपी मोहम्मद सराफत एवं साबिर कलन्दर उर्फ थाना मोहनिया जनपद भभुआ कैमूर, बिहार के रहने वाले हैं। तस्करी का खुलासा एसपी नक्सल ओ पी सिंह ने पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता के दौरान किया। बताया कि थाना अदलहाट व एसओजी सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर सक्रिय हुई। क्षेत्र के बेदान्ता हॉस्पिटल के सामने ग्राम रसूलागंज चौराहे से स्वीफ्ट डिजायर कार को रोका गया। कार में बैठे मोहम्मद सराफत तथा साबिर कलन्दर उर्फ एस. के टी को गिरफ्तार किया गया। दोनों के कब्जे से 2 बण्डल में 250-250 ग्राम कुल 500 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अदलहाट पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। दोनों अन्तरराज्यीय तस्कर हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है। पकड़े गए स्वीफ्ट डिजायर कार को एमवी एक्ट में सीज किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में अदलहाट थाना प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र भूषण मौर्य, उप-निरीक्षक संजय सिंह प्रभारी एसओजी एवं मय पुलिस टीम, उप-निरीक्षक मानवेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस सभी ने पुलिस टीम के साथ सफलता प्राप्त किया।

# दुष्कर्म के मामले में दोषी शिक्षक को उम्र कैद

## साढ़े चार वर्ष पूर्व 12 वर्षीय नाबालिग लड़की संग हुए दुष्कर्म का मामला, अर्थदंड भी



सोनभद्र। साढ़े चार पूर्व 12 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी शिक्षक संतोष कुमार जायसवाल को उम्रकैद एवं दो लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से एक लाख 60 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक बभनी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने बभनी थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 12 वर्षीय नाबालिग बेटी कक्षा 5 में पढ़ती है। 6 नवंबर 2019 को जब बेटी स्कूल पढ़ने गई थी तो शिक्षक संतोष कुमार जायसवाल पुत्र भगौती जायसवाल ने छुट्टी होने पर सभी बच्चों के जाने के बाद उसकी बेटी को रोक लिया और करीब तीन बजे उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और बेटी को घर पहुंचा कर चला गया। बेटी को किसी से ना बताने के लिए मना किया था। पीड़िता बेटी ने रोते हुए अपनी माँ से सारी घटना बताई। तब पत्नी ने उसे बताया। इस तहरीर पर 7 नवंबर 2019 को पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी शिक्षक को सजा सुनाई।

**पॉक्सो ऐक्ट के दोषी सतीश भुइया को 20 वर्ष का कठोर कारावास : सोनभद्र।** साढ़े चार पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी सतीश भुईयां को 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक विंढमगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने विंढमगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि करीब दो माह से उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ सतीश भुईयां पुत्र रामनाथ भुईयां निवासी धूमा, थाना विंढमगंज, सोनभद्र द्वारा जबरन बलात्कार किया जा रहा था और बेटी को धमकी दिया कि किसी से भी बताओगी तो जान से मार देंगे। पीड़िता बेटी ने रोते हुए अपनी मां से सारी घटना बताई। तब पत्नी ने उसे बताया। इस तहरीर पर 30 सितंबर 2019 को पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी सतीश भुईयां को सजा सुनाई।

## संक्षेप समाचार...

### विदाई समारोह में लोगों ने लिया हिस्सा

जमालपुर। शुक्रवार को बाजार स्थित बीज गोदाम केंद्र पर सेवानिवृत्त सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा श्याम बिहारी वर्मा के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वर्मा 30 मई को सेवानिवृत्त हुए थे। कृषि विभाग के कर्मचारियों ने एडीओ कृषि बुद्धि प्रकाश जाट के नेतृत्व में सेवानिवृत्त सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा को उपहार स्वरूप गीता, छाता, टार्च, पेन एवं डायरी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बीज गोदाम प्रभारी प्रवीण कुमार, जटा शंकर पाण्डेय, किसान मोतीलाल सिंह, हरिदास सिंह, श्याम कुमार सिंह, कुंदन सिंह, कविंद्र सिंह अकेला, रामबली सिंह, शिवेंद्र पांडेय, उमेश चौहान, बसंत कुमार, रमेश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### नए सत्र के लिए पदाधिकारियों का मनोनयन

जिगना। क्षेत्र के मनिकठी गाँव में एबीवीपी के कैंप कार्यालय पर शुक्रवार को संपन्न हुई बैठक में नए सत्र के लिए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिसमें अतुल पांडेय को अध्यक्ष तथा निहाल सिंह को मंत्री निशांत प्रजापति, त्रिभुवन बिंद,सुभाष मिश्रा, शिवशंकर तिवारी, लक्ष्मण बिंद को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला प्रमुख डा0 प्रमोद मिश्रा बतौर चुनाव अधिकारी तथ प्रांतीय कार्यकारणी सदस्य राहुल तिवारी पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे।

### अगलगी में अनाज व गृहस्थी का सामान जलकर राख

जिगना। थाना क्षेत्र के कसधना गाँव में शुक्रवार को दो बजे दिन में रिहायशी आवास में अबूझ हालत में आगलगी की घटना में अनाज व गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पास में ही खूंटे से बंधी भैंस झुलस गई। पड़ोसियों ने समरसेबल पंप चलाकर आग पर काबू पाया गया। गाँव निवासी गौतम पुत्र राम प्रसाद के आवास से अचानक आग की लपटें उठने लगी। आनन-फानन में बच्चों सहित महिलाएं बाहर निकलने में कामयाब रही। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक पांच कुंतल अनाज व गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

### हत्या के 2 बालअपचारी सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना विन्ध्याचल पर चार जून को वादी मोहित द्विवेदी पुत्र राजासाहब द्विवेदी निवासी पुरानी वीआईपी रोड़ थाना विन्ध्याचल द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध बच्चों के विवाद में मारपीट करने व जान से मारने के नियत से हमला करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए थाना प्रभारी विन्ध्याचल को आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। निर्देश के क्रम में शनिवार को उप निरीक्षक राम बहादुर राय मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से आरोपी विशाल गिरी उर्फ सोनू गिरी निवासी मां चामुण्डा देवी मंदिर के पास थाना विन्ध्याचल सहित 02 बाल अपचारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### देहात पुलिस ने पकड़ा चोर

मीरजापुर। एक जनवरी 2024 को थाना को0देहात पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से सम्बन्धित मुकदमा पंजीकृत कर 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भजा गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त अभियोग से सम्बन्धित अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना को0देहात को निर्देश दिए गए। जहां शनिवार को उप निरीक्षक लव सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना को0देहात क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी पवन बिन्द उर्फ गोलू पुत्र स्व0 पप्पू बिन्द निवासी इटवा थाना को0देहात को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### ट्रक के टक्कर से ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त, चालक घायल




अदलहाट। वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर रसूलागंज के पास शुक्रवार को ट्रक के द्वारा ट्रैक्टर में पीछे से टक्कर मारने से ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। अदलहाट थाना क्षेत्र के चकबहेलिया(परसिया) ग्राम निवासी श्याम लाल सिंह पुत्र स्व0 नन्द लाल सिंह ट्रैक्टर पर ईंट भट्ठे से ईंट का टुकड़ा लेकर रामनगर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने रसूलागंज ग्राम के पास पीछे से ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक घायल हो गया। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। घायल को नरायनपुर नीजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। ट्रैक्टर चालक के भाई कमला सिंह के तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

# दबंगों ने पूर्व प्रधान को मारी गोली



बदलापुर। सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के इनामीपुर ग्राम पंचायत के राजस्व गाँव रामीपुर में स्थित एक पशुआहार की दुकान के पास बुधवार की शाम पुरानी रंजिश को लेकर एक पक्ष के दबंगों ने दूसरे पक्ष के पूर्व प्रधान सत्य प्रकाश तिवारी उर्फ मुकेश तिवारी पर गोली चला दी। मुकेश के बाएं हाथ में व पेट में गोली लगने से वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। आनन-फानन में स्वजनों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया गया। डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जिला अस्पताल से भी मुकेश तिवारी को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी भेजा गया जहां अगले दिन गुरूवार को वाराणसी में इलाज के दौरान पूर्व प्रधान सत्य प्रकाश तिवारी उर्फ मुकेश ने दम तोड़ दिया। उधर मौत की खबर लगते ही स्वजनों में कोहराम मच गया।

फिलहाल इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि उक्त मामले में वादी प्रमोद कुमार तिवारी पुत्र स्व. चन्द्रशेखर तिवारी ग्राम इनामीपुर थाना सिंगरामऊ की तहरीर के आधार पर तीन नामजद अंकज तिवारी पुत्र लक्ष्मीशंकर तिवारी और दीपक तिवारी उर्फ भगवान पुत्र लक्ष्मीशंकर तिवारी निवासी इनामीपुर थाना सिंगरामऊ तथा उक्त थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी घनश्याम पंडित के विरूद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस सभी तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस अग्रिम विधिक कार्यवाई में जुटी है।

**हत्या के आरोप में युवक को उठा ले गयी मीरजापुर पुलिस : रामपुर।** थाना क्षेत्र के मई गांव के युवक की हत्या के मामले में गुरुवार को मिर्जापुर जिले की चील्ह थाना पुलिस ने रामपुर में आकर एक युवक को हिरासत में लेकर मिर्जापुर ले गई। जबकि पुलिस ने दो और आरोपियों के घर दबिश दी लेकिन वहां कोई नहीं मिला। चील्ह पुलिस की माने तो तीनों युवक पर हत्या का आरोप है। बता दे कि बीते 19 मई को चील्ह थाना क्षेत्र के मुजहरा खुर्द गांव में रामपुर थाना क्षेत्र के मई गांव निवासी समरनाथ का संदिग्ध परिस्थिति में शव मिला था। पास में उसकी बाइक खड़ी थी लेकिन मोबाइल एवं पर्स व चाबी गायब थी। मृतक समरनाथ भदोही जनपद के मर्याद पट्टी स्थित जेएफडी कंपनी में नौकरी करता था। 18 मई को सुबह ड्यूटी पर गया फिर घर वापस नहीं लौटा। 19 मई को रामपुर पुलिस द्वारा परिजनों को उसके मौत की सूचना मिली।

## जेसीआई चेतना ने किया साइक्लोथैन का आयोजन

जौनपुर। जेसीआई जौनपुर चेतना द्वारा जनपद में साइक्लोथैन का आयोजन करवाया गया जिसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम ब्लॉसम केयर क्लासेस के बच्चों द्वारा किया गया। इस साइक्लोथैन में चीफ गेस्ट वीरेंद्र कुमार मौर्या उपस्थित रहे। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर रेस को आरंभ किया। वीरेंद्र कुमार मौर्या ने यूपी, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, तमिलनाडु, केरल, कन्याकुमारी, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, 12 ज्योतिर्लिंग आदि जगहों पर साइकिल द्वारा भ्रमण किया। उनका जेसीआई परिवार सम्मान करता है। साइकिल रेस में बच्चों को पहले जेसीआई का बैच लगाया गया और उन्हें दिशा निर्देश दिया गया तथा प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार में अवार्ड देकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। अन्य बच्चों को सर्टिफिकेट और मेडल से सम्मानित किया गया।



## नाली निर्माण को लेकर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

गोपीगंज। नगरीय क्षेत्र के पड़ाव से स्टेशन रोड तक नाली निर्माण को लेकर नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने वार्ड में प्रदर्शन कर नगर पालिका परिषद से नाली निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा की कई दशकों से नाली निर्माण नही होने की वजह से यहां के रहवासियों को नारकीय जीवन जीना पड़ता है। घरों से निकला हुआ पानी दीवालों को क्षतिग्रस्त कर रहा है। अभी तो किसी तरह गुजारा हो रहा है परंतु बरसात के मौसम में जब प्रकृति की बरसात होती है तो घरों के अंदर पानी घुटनों तक चला जाता है। वही के रहवासी सौरभ पांडेय ने बताया कि इस गर्मी में लोग राहत पाने के लिए बरसात की मांग करते है वही हमारा परिवार चाहता है बारिश न हो। वही शुक्ला बिल्डिंग की पूरी दिवाल नाली नहीं होने के कारण गिर गई है। मोबाइल शौचालय पर किसी की निगाह ही नही जाती। सुनील स्वर्णकार ने बताया कि कई बार शिकायतों के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। पालिका अध्यक्ष ने बताया की स्टेशन रोड से पड़ाव तक के लिए सर्वे का कार्य कराया गया है और उसकी नापी भी कराकर प्रोजेक्ट बनाकर जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को भेजा गया है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से पंकज पांडेय, सौरभ पांडेय, राजेश जायसवाल, कलेक्टर सिंह, सुनील स्वर्णकार, परमात्मा सिंह, आशीष कुमार, मारुति सिंह, अशोक सिंह, राकेश अग्रहरि रहे।

## संपादकीय

# एक अनथक यात्रा

**जाहिद खान**

भारतीय रंगमंच की अजीमुश्शान शख़्सियत हबीब तनवीर की पहली पसंद सिनेमा था। वे बचपन से ही फि ल्मों में अदाकारी करने का ख़्वाब देखते थे। जबकि तनवीर के वालिद उन्हें इंडियन सिविल सर्विस का अफसर बनाना चाहते थे। बहरहाल, फि ल्मों का शौक उन्हें मुंबई ले आया। मुंबई में पैर जमाने के लिए हबीब तनवीर ने जमकर संघर्ष किया। कई छोटे-मोटे काम किए। मसलन आकाशवाणी में संगीतात्मक रूपक, पत्र-पत्रिकाओं में फि ल्मी समीक्षा, विज्ञापन फि ल्मों की स्क्रिप्ट वगैरह लिखीं। हबीब तनवीर की जी तोड़ मेहनत जल्द ही रंग लाई। थोड़े ही अरसे के बाद, उन्हें अपनी मंज़िल-ए-मकसूद यानी फि ल्मों में भी मौका मिल गया। लिहाजा उन्होंने फि ल्मों में अदाकारी की और कई फि ल्मों के गाने और संवाद भी लिखे। फि ल्मी दुनिया से हबीब तनवीर का मोह–भंग जल्दी ही हो गया। अपने आत्मकथ्य ए लाइफ इन थिएटर में तनवीर लिखते हैं, जो भी हो सही या गलत, मैं इस बात पर मुतमईन था कि मेरे पास कहने के लिए कुछ था, जैसा भी हो और जो कुछ भी कहना था, सौन्दर्यशास्त्र में, प्रदर्शनकारी कलाओं में और साथ ही सामाजिक रूप से, राजनैतिक नजरिये से उसका माध्यम सिनेमा नहीं था, वह थिएटर था, यह एक साफ बोध था। मन में पांचवें दशक के प्रारम्भिक दिनों में, जो मुझे दिल्ली ले आया।

दिल्ली आकर हबीब तनवीर ने अपना नाटक शतरंज के मोहरे दोबारा लिखा और इसमें खालिस लखनवी उर्दू जबान का इस्तेमाल किया। नाटक इस बार ज्यादा कामयाब साबित हुआ। साल 1954 में लिखा आगरा बाजार वह नाटक था, जिसने हबीब तनवीर को शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचा दिया। अठारहवीं सदी के मशहूर अवामी शायर नजीर अकबरावादी की ज़िंदगी और रचनाओं पर आधारित नाटक आगरा बाजार में उन्होंने न सिर्फ. आम आदमी की ज़िंदगी और उसके रोजमर्रा के सरोकारों को अपना विषय बनाया, बल्कि लेखन में भी वह मुहावरा और तरीका बरता, जो पारंपरिक अभिजन कविता के आदाब और मौजूअ के बिल्कुल खिलाफ था। ये वह दौर था जब हिंदोस्तानी रंगमंच में हिंदोस्तानी, अपनी मिट्टी से जुड़ाव एवं शैली का डंका पीटने वाले नारे और मुहावरे ईजाद नहीं हुये थे। आगरा बाजार हिंदोस्तान के रंगमंच में मील का पत्थर साबित हुआ। नाट्य आलोचक इकबाल नियाजी ने आगरा बाजार का मूल्यांकन करते हुए लिखा है,आगरा बाजार जैसे नाटक की प्रस्तुति ने हिंदोस्तानी नाटककारों के सामने ये मिसाल पेश की, कि किस तरह यथार्थवादी ढांचों को पसंद करके पश्चिमी और पूर्वी ड्रामा रिवायतों से जुड़कर, एक नये तरह की तर्ज.पर ड्रामों को प्रस्तुत किया जा सकता है। जिसमें लोक नाटक के फार्म को और उसके असर को जान-बूझकर ठूंसा नहीं गया है, फिर भी नाटक के डायलॉग से लोक नाटक की अदाकारी व कारीगरी के रंग फूटते हुए महसूस होते हैं। नाटक आगरा बाजार हबीब तनवीर के उन दो मरकजी रुजहानों की ओर इशारा करता है, जो आगे चलकर उनके सारे नाटकों में दिखाई दिए। पहला, विचारधारा और कलागत स्तर, उनका लोक जीवन, आम आदमी की ओर झुकाव। दूसरा, नाटक में शायरी और संगीत का इस्तेमाल। नाटक में उन्होंने यह प्रयोग महज खानापूर्ति के लिए नहीं किए, बल्कि ये सब उनके नाट्यकर्म का जरूरी हिस्सा थे। अपनी संगीतमयी प्रस्तुतियों के बारे में हबीब तनवीर का कहना था,मेरी प्रस्तुतियां संगीत प्रधान इसलिए भी रहीं हैं कि दोनों चीजों में मेरा थोड़ा बहुत दखल है, शायरी में भी ओर उसके बाद संगीत में। बचपन में सुने 100-200 छत्तीसगढ़ी लोक गीत, तो उन्हें ऐसे ही मुंह जबानी याद थे। आगरा बाजार की जबर्दस्त कामयाबी के बाद हबीब तनवीर पेशेवर थिएटर की अपनी योजना को साकार करने में जुट गए। उनके इस प्लान को अमली–जामा पहनाने में मदद की बेगम कुदसिया जैदी ने। थिएटर के लिए जरूरी स्क्रिप्ट बैंक और पैसों को जुटाने की ज़िम्मेदारी बेगम जैदी ने अपने ज़िम्मे ले ली। इस तरह साल 1955 में दिल्ली का पहला व्यावसायिक थिएटर हिंदुस्तानी थिएटर अस्तित्व में आया। हिंदुस्तानी थिएटर के लिए तनवीर कोई नाटक निर्देशित करते, इससे पहले थिएटर की आला तालीम हासिल करने के इरादे से लंदन पहुंच गए। एक ब्रिटिश काउंसिल की स्कॉलरशिप और अलीगढ़ यूनीवर्सिटी के तत्कालीन कुलपति डॉ. जाकिर हुसैन की आर्थिक मदद से उन्होंने लंदन के प्रसिद्ध थिएटर स्कूल रॉयल अकादमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट्स यानी राडा में दाखिला ले लिया। हबीब तनवीर ने यूरोप में अपने तीन साल बिताए। इन तीन सालों में उन्होंने यूरोपीय रंगमंच को करीब से देखा। खासकर बर्लिन में तो तनवीर ने आठ महीने गुजारे, जहां जर्मन नाटककार बर्तोल्त ब्रेख्त की नाट्य प्रस्तुतियां देखीं। बर्तोल्त ब्रेख्त के नाटकों से हबीब तनवीर ने काफी कुछ सीखा। उनके नाटकों में हमें जो जनपक्षधरता दिखाई देती है, उसमें ब्रेख्त के नाटकों का बड़ा योगदान है।

हिंदोस्तान वापसी पर तनवीर की पहली प्रस्तुति हिंदुस्तानी थिएटर के बैनर पर हुई। शूद्रक के संस्कृत नाटक मृच्छकटिकम् के हिंदी अनुवाद मिट्टी की गाड़ी को उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों के साथ रंगमंच पर उतारा। इस नाटक में उन्होंने पूरी तरह से लोक रंगमंच की पारंपरिक शैली और तकनीक का प्रयोग किया। नाटक को एक खास हिंदोस्तानियत में ढाला। जाहिर है, नाटक बेहद मकबूल हुआ। मृच्छकटिकम् को उस वक़्त लोकधर्मी शैली में करना, वाकई एक इंकलाबी फैसला था। संस्कृत पंडितों ने इस पर काफी ऐतराज किया। उनका यह ऐतराज, खास तौर पर नाटक की शैली पर था। नाटक लोकधर्मी शैली में खेला गया और उनका कहना था कि नाटक क्लासिकी शैली में ही किया जाना चाहिए। हबीब तनवीर इन आलोचनाओं से बिल्कुल नहीं घबराए। संस्कृत नाट्य पंडितों के उलट तनवीर का मानना था कि लोक परंपराओं की मदद से ही संस्कृत नाटकों की शैली तक आसानी से पहुंचा जा सकता है।

नाटक चरनदास चोर तक आते-आते हबीर तनवीर ने अपनी एक अलग पहचान बना ली थी। उनके नाटक खालिस छत्तीसगढ़ी मुहावरे में खेले जाते। अर्जुन का सारथी, गौरी-गौरा, चपरासी, गांव के नाव ससुराल, मोर नाम दामाद आदि नाटक पूरी तरह से छत्तीसगढ़ी लोकनाट्य शैली नाचा में खेले गए। इन नाटकों को महानगरीय दर्शकों ने भी खूब सराहा। साल 1975 में चरनदास चोर के साथ ही तनवीर की शैली और प्रस्तुति ने अपनी पूर्णता पा ली। इसके बाद उन्होंने अपनी शैली को बिल्कुल नहीं बदला और आखिर तक इसी शैली में नाटक खेलते रहे। नाटक चरनदास चोर के कथ्य की ताजगी और दिलचस्प व आकर्षक पेशकश ने पूरे मुल्क में तहलका मचा दिया। ?

हबीब तनवीर द्वारा विकसित रंगमंच सिर्फ.लोक रंगमंच ही नहीं था, बल्कि वह आधुनिक रंगमंच भी था। तनवीर आधुनिक दृष्टि वाले नाट्य निर्देशक थे। उनके पास इतिहास और सियासत की गहरी समझ थी। उनका लोककला में दिलचस्पी लेना और लोक मुहावरों में काम करना, वैचारिक फैसला था। और अपने इस फैसले पर वे आखिर तक कायम रहे। नाटक आगरा बाजार से लेकर एक औरत हिपेशिया भी थी तक उन्होंने दर्जन भर से ज्यादा अर्थपूर्ण नाटक लिखे और निर्देशित किये। अपने नाटकों के जरिए वे दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ-साथ, उन्हें सम-सामायिक मुद्दों से भी जोड़ते रहे। हबीब तनवीर के हर नाटक में एक मकसद है, जो नाटक के अंदर अंतधार्रा की तरह बहता है। मसलन नाटक आगरा बाजार में भाषा और अदब के जानिब कुलीन और जनवादी नजरियों के बीच कशमकश है, तो चरनदास चोर सत्ता, प्रशासन और व्यवस्था पर सवाल उठाता है। हिरमा की अमर कहानी और स्टीफन ज्वाईंग की कहानी पर आधारित देख रहे हैं नयन सियासी नाटक हैं, जो हर दौर में सामायिक रहेंगे। बहादुर कलारिन में वे सामंतवाद पर वार करते हैं। नाटक जिन लाहौर नहीं देख्या, वो जन्मा ही नईं हिन्दू-मुस्लिम सौहार्द पर और पोंगा पंडित समाज में व्याप्त छुआ-छूत को उजागर करता है।

# पेड़ों के होने तक ही हमारी सांसें हैं

**सुरेश जैन**



दुनिया के ताकतवर मुल्क अमेरिका में पर्यावरण और जीव विज्ञानियों ने बहुत बार शोध करके यह सिद्ध किया है, वृक्षों में भी महसूस करने और समझने की क्षमता होती है। जैन धर्म भी मानता है, वृक्ष में भी आत्मा होती है, क्योंकि यह संपूर्ण जगत आत्मा का ही खेल है। वृक्ष को काटना अर्थात उसकी हत्या करना है। हरित क्रांति की बात चलती है तो मुझे बरबस भगवान तीर्थंकर महावीर का भावपूर्ण स्मरण आता है। पर्यावरण प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में भगवान महावीर की प्रासंगिकता बढ़ गई है। इसीलिए भगवान महावीर को पर्यावरण पुरूष भी कहा जाता है। अहिंसा विज्ञान को पर्यावरण का विज्ञान भी कहा जाता है। भगवान महावीर मानते थे कि जीव और अजीव की सृष्टि में जो अजीव तत्व है अर्थात मिट्टी, जल, अग्नि, वायु और वनस्पति उन सभी में भी जीव है, अतः इनके अस्तित्व को अस्वीकार मत करो। इनके अस्तित्व को नामंजूर करने का मतलब है, अपनी मौजूदगी को अस्वीकार करना। दृश्य और अदृश्य सभी जीवों का अस्तित्व स्वीकारने वाला ही पर्यावरण और मानव जाति की रक्षा के बारे में सोच सकता है।

जैन धर्म में वनस्थली की परम्परा रही है। चेतना जागरण में पीपल, अशोक, बरगद आदि वृक्षों का विशेष योगदान रहा है। ये वृक्ष भरपूर ऑक्सीजन देकर व्यक्ति की चेतना को जागृत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जैन धर्म ने सर्वाधिक पौधों को अपनाए जाने का संदेश दिया है। सभी 24 तीर्थंकरों के अलग-अलग 24 पौधे हैं। भगवान महावीर और भगवान बुद्ध समेत अनेक महापुरूषों ने इन वृक्षों के नीचे बैठकर ही निर्वाण या मोक्ष को पाया है, इसीलिए वृक्ष धरती पर ईश्वर के प्रतिनिधि हैं। अंधाधुंध वृक्षों के कटान से हमारे जंगल कंक्रीट जंगल में तब्दील होते जा रहे हैं। यदि कटान की यह रफ्तार न थमी तो एक दिन ऐसा भी होगा, जब मानव को रेगिस्तान की चिलचिलाती धूप में प्यासा मरना होगा। जंगल से हमारा मौसम नियंत्रित और संचालित होता है। जंगल की ठंडी आबोहवा नहीं होगी तो सोचो धरती आग की तरह जलने लगेगी। इसमें कोई शक नहीं, मनुष्य के मन में लालच की सीमा बढ़ने लगी है। अधिकतम लाभ और धन पाने की इच्छा के वशीभूत होकर वह इन वृक्षों को काटकर इमारती लकड़ियों आदि के रूप में प्रयोग करने लगा है। वृक्षों के बेरोकटोक काटे जाने से पृथ्वी के दुर्लभ जीव-जंतु भी समाप्त हो रहे हैं। कुछ तो संख्या में गिनने लायक ही रह गए हैं। यदि ऐसा ही चलता रहा तो ये दुर्लभ जीव-जंतु बिल्कुल समाप्त हो जाएंगे। वृक्षों के कटान से वायु में कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा बढ़ जाती है, जबकि ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है। इससे वायु प्रदूषित होकर प्रकृति की स्वाभाविक क्रिया में असंतुलन पैदा कर देती है। परिणामस्वरूप प्रदूषित वातावरण के चलते पर्यावरणीय असंतुलन हो जाता है। इसका मानव स्वास्थ्य पर भी घातक असर पड़ रहा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि ऑक्सीजन के बिना जीवन असंभव है। भगवान महावीर का आदर्श वाक्य है-मित्ती में सव्व भूएसु। अर्थात सब प्राणियों से मेरी मैत्री है। मेरा भी स्पष्ट मत है कि वृक्ष हमारे सच्चे मित्र हैं। बाल्यावस्था से ही मैं पेड़-पौधों का प्रेमी रहा हूं। मेरे आवास - संवृद्धि के लॉन से लेकर यूनिवर्सिटी तक इसके गवाह हैं। क्लीन टीएमयू-ग्रीन टीएमयू के अपने संकल्प के प्रति तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी प्रतिबद्ध है। प्रदूषण की चुनौतियों से निपटने के लिए 140 एकड़ में आच्छादित यूनिवर्सिटी कैंपस में बीस हजार से अधिक छायादार-फलदार वृक्षों के संग-संग सुगंधित फूलों के पौधे इसके साक्षी हैं। पर्यावरणविदों के मुताबिक पेड़ 05 डिग्री तक तापमान को कम कर सकते हैं, जो न केवल गर्मी से राहत देंगे, बल्कि एसी के उपयोग को कम करेंगे। पेड़ पर्यावरण को भी स्वच्छ करते है। कार्बनडाई ऑक्साइड सरीखी दूषित वायु को सोखकर जीवनदायिनी वायु ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। वृक्ष वर्षा लाने में अति महत्वपूर्ण होते हैं। टीएमयू कैंपस में बहुमूल्य प्रजाति के वृक्षों में चंदन, कल्पवृक्ष, रूद्राक्ष, बादाम, कपूर आदि लगे हुए हैं। टीएमयू के मुख्य द्वार पर एंट्री करते ही विशाल पिलखन के इस छायादार पेड़ की आयु करीब 50 वर्ष मानी जाती है। तीर्थंकर महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के सामने आजकल यह पेड़ तीमारदारों के लिए शीतल छांव का आश्रय बना है। ऐसे ही मेडिकल कॉलेज के सामने शहतूत का पेड़ बरसों-बरस पुराना है। इसकी छाया में भी स्टुडेंट्स स्टडी में तल्लीन रहते हैं। इनके अलावा आम, अमरूद, आंवला, बेर, जामुन, सेब, किन्नू, मौसमी, सरीफा, नीबू, चीकू, लीची, अंगूर आदि के वृक्ष भी शामिल हैं। यूनिवर्सिटी में सौर ऊर्जा से लेकर जल संचय तक के पुख़्ता बंदोबस्त हैं। स्वच्छता में भी अग्रणी हैं। इसका प्रतिफल यह है, 2017- 18 में यूपी के नगर विकास मंत्री श्री सुरेश खन्ना ने मुझे कुलाधिपति के नाते स्वच्छता कैंपेन के बतौर एम्बेसडर की जिम्मेदारी सौंपी। कैंपस में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से लेकर रेन वाटर कंजर्वेशन की भी व्यवस्था है।

यूनाइटेड नेशन की यह रिपोर्ट हमें चौंकाती है, पृथ्वी की 40 प्रतिशत जमीन प्रदूषित हो चुकी है। 2000 से हर साल सूखा बढ़ता जा रहा है। वैश्विक शोध रिपोर्ट बताती है, एक इंसान के जीवन के लिए 500 पेड़ों की दरकार है, लेकिन पूरी दुनिया में यह आंकड़ा 422 पेड़ों का है। बावजूद इसके भारत का आंकड़ा तो बेहद डरावना है, भारत में एक इंसान के जीवन के लिए महज 28 पेड़ ही हैं। 2024 के तापमान की तपिश को हम ही नहीं, पूरी एशिया झेल रही है। अनगिनत मौतों का आंकड़ा डरा रहा है। इस कड़वी सच्चाई को हम स्वीकारें या अस्वीकारें, लेकिन इस भयावह हालात के लिए हम सब गुनाहगार हैं। इसमें कोई शक नहीं है, डवलपमेंट स्वर्णिम वरदान की मानिंद है, लेकिन भौतिकता की अंधी दौड़ भी पर्यावरण के लिए अभिशाप है। यूनिवर्सिटी के अमूमन समस्त कॉलेजों में समय-समय पर पर्यावरण को लेकर अतिथि व्याख्यान, वर्कशॉप, सेमिनार आदि का आयोजन होता रहता है। इनमें देश-विदेश के जाने-माने पर्यावरण एक्सपर्ट्स स्टुडेंट्स को टिप्स देते हैं। कृषि क्षेत्र में पदमश्री भारत भूषण त्यागी, ग्रीन मैन ऑफ इंडिया एवम् झोला मूवमेंट के प्रणेता श्री विजय बघेल सरीखी शख्सियतें भी कैंपस में आ चुकी हैं। उल्लेखनीय है, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उन्हें ग्रीन मैन ऑफ इंडिया की उपाधि दी तो पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने पहली हरी वेशभूषा यह कहते हुए पहना दी, आपका मन इतना हरा है तो तन भी हरा कर लीजिएगा। श्री बघेल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ पेरिस के अर्थ सम्मेलन में भी शिरकत कर चुके हैं। यूजीसी के संग-संग केंद्र और राज्य सरकार के निदेर्शानुसार समय-समय पर टीएमयू स्वच्छता पखवाड़े को बेहद संजीदगी से लेता है।

ईको-फ्रेंडली इस भव्य कैंपस में औषधीय वृक्षों में अमलताश, कचनार, अंजीर, जामुन, बेल, बालमखीरा, नीम, बकैन आदि है। शोभाकारी वृक्षों में साउथ से मंगाए गए इंडियन कोरल ट्री, फिलोस सिल्क ट्री, अशोक, सीता अशोक, पीपल, अम्ब्रेला ट्री, बोटल ब्रुश, बकैन, गुलमोहर, चक्रेशिया, कचनार, पिलखन, चंपा, प्राइड ऑफ इंडिया, कनक चंपा, सरू आदि शामिल हैं। पूरा कैंपस शोभाकारी वृक्षों, फलवृक्षों, औषधीय वृक्षों से हरा-भरा है। मौसम के अनुसार कैंपस विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे सुगंधित फूलों की फुलवारियों से सुसज्जित रहता है। कैंपस में सभी 24 तीर्थंकरों के अलग-अलग 24 पौधे भी रोपित हैं। कैंपस में एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी फॉर्म में मौसम के अनुसार रबी, खरीफ और जायद में फसलों की ऑर्गेनिक खेती की जाती है। हमारे कैंपस में तीन पॉलीहाउस भी हैं, जहां एग्रीकल्चर कॉलेज के स्टुडेंट्स से लेकर यूपी के धरतीपुत्रों को इन्नोवेटिव फार्मिंग के गुर सिखाए जाते हैं। एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी फॉर्म में शोधार्थियों के लिए काले गेहूं सरीखी खेती भी होती है। काले गेंहू में एंथ्रोसाइनीन की प्रचुर मात्रा होती है। इसमें नेचुरल एंटी ऑक्सीडेंट और एंटीबायोटिक गुण होता है, जो डायबिटीज, घुटनों का दर्द, हार्ट अटैक, कैंसर, एनीमिया, मानसिक तनाव जैसी समस्याओं में कारगर साबित होता है। कुलाधिपति होने के नाते मेरा स्पष्ट मत है, सांसें हो रही हैं कम, आओ पेड़ लगाएं हम... सरीखे संकल्प को भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को आत्मसात करना होगा। इसे एक आन्दोलन का रूप देना होगा। बर्थ डे से लेकर मैरिज सरीखे खुशी के पलों में बतौर उपहार छायादार और फलदार पौधों का वितरण अपने जीवन और परम्परा का अभिन्न अंग बनाना होगा।

# समुद्र न बचे तो हम भी नहीं बचेंगे



**अरविंद जयतिलक**

यह सुखद है कि गत वर्ष 20 वर्षों की लंबी बातचीत के उपरांत एक सैकड़ा से अधिक देश समुद्री जीवन को बचाने की अहम संधि पर मुहर लगाने को तैयार हुए। उन्होंने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हाई सीज ट्रीट्री के तहत 2030 तक दुनिया के 30 फीसदी महासागरों को संरक्षित किए जाने का संकल्प व्यक्त किया। अच्छी बात है कि बीते एक वर्ष में इस संकल्प को लागू करने के लिए सभी देश एक सार्थक प्रयास में जुट गए हैं। गौर करें तो इस संधि में प्रावधान है कि समुद्री जलीय जीवन को संरक्षित करने के लिए निकाय बनेगा और जलीय जीवों को हो रहे नुकसान के आंकलन के लिए नियम बनेंगे। यह संधि इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि अभी तक इस मकसद के लिए फंडिंग और मछली पकड़ने जैसे अधिकारों पर बात बन नहीं पा रही थी। इसलिए कि समुद्र तट से 200 नॉटिकल मील तक के समुद्र पर ही देशों का अधिकार होता है और उसके आगे का हिस्सा खुला समुद्र कहलाता है। अभी तक इसका 1.2 फीसदी हिस्सा ही संरक्षित है। लेकिन इस संधि के तहत अब तय किया गया है कि खुले समुद्र के कौन से इलाके संरक्षित माने जाएंगे। चूंकि अब इस संधि को मूर्त रुप देने की कवायद तेज हो गई है लिहाजा महासागरों में वास कर रहे समुद्री जल जीव-जंतुओं और खनिजों की रक्षा होनी तय है। उल्लेखनीय है कि 1950 के दशक के शुरूआत में समुद्र के कानून को लेकर हुए संयुक्त राष्ट्र के कई सम्मेलनों में समुद्री प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की गयी। 1972 के स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर हुए संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में भी समुद्री प्रदूषण पर चर्चा हुई। तब समुद्री प्रदूषण रोकने के लिए कचरे व अन्य पदार्थों के समुद्र में फेंके जाने को लेकर संधि पत्र पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौते को लंदन समझौता कहा जाता है। लेकिन सच यहीं है कि समुद्री प्रदूषण रोकने के अभी तक सभी कानून नाकाफी ही साबित हुए हैं। नतीजतन समुद्री जैव विविधता खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। उदाहरण के तौर पर वर्ष 1970 से देखें तो खुले समुद्र में शार्क की तादाद 70 फीसदी तक घट गयी है। विचार करें तो समुद्री जीवन में प्रदूषण के तीन रास्ते हैं। एक, महासागरों में कचरे का सीधा छोड़ा जाना, दूसरा वर्षा के कारण नदी-नालों में अपवाह से और तीसरा वातावरण में छोड़े गए प्रदूषकों से। समुद्र में प्रदूषण के लिए सबसे आम रास्ता नदियां हैं। समुद्र में पानी का वाष्पीकरण सर्वाधिक होता है। संतुलन की बहाली महाद्वीपों पर बारिश के नदियों में प्रवेश और फिर समुद्र में वापस मिलने से होती है। उदाहरण के लिए न्यूयॉर्क में हडसन और न्यूजर्सी में रैरीटेन जो स्टेटन द्वीप के उत्तरी और दक्षिणी सिरों में समुद्र में मिलती है जिससे समुद्र में प्राणी मंदप्लवक यानी कोपपॉड के पारा प्रदूषण का मुख्य स्त्रोत है। फिल्टर-फीडिंग कोपपॉड में सबसे ज्यादा मात्रा इन नदियों के मुखों में नहीं बल्कि 70 मील दक्षिण में एटलांटिक सिटी के नजदीक है क्योंकि पानी के तट के बिल्कुल नजदीक बहता है। अमूमन तय प्वाइंट प्रदूषण तब होता है जब प्रदूषण का इकलौता, स्पष्ट और स्थानीय स्त्रोत मौजूद हो। अंदरुनी भागों में तांबे, सोने इत्यादि का खनन भी समुद्री प्रदूषण का एक बड़ा स्त्रोत है। ज्यादतर प्रदूषण महज मिट्टी से होता है जो नदियों के साथ बहते हुए समुद्र में प्रवेश करती है। हालांकि खनन के दौरान खनिजों के निस्सरण से कई समस्याएं उभरकर सामने आती हैं। गौर करें तो खनन का बहुत घटिया ट्रैक रिकार्ड है। उदाहरण के लिए अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी की मानें तो खनन ने पश्चिमी महाद्वीपीय अमेरिका में 40 फीसद से ज्यादा जलोत्सारण क्षेत्रों के नदी उद्गमों के हिस्से को प्रदूषित किया है और इस प्रदूषण का सर्वाधिक हिस्सा समुद्र में मिलता है। वातावरण में छोड़े गए प्रदूषकों से भी समुद्र प्रदूषित हो रहा है। मसलन कृषि से सतह का अपवाह, साथ शहरी अपवाह और सड़कों, इमारतों, बंदरगाहों और खाड़ियों के निर्माण से हुआ अपवाह कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस और खनिजों से लदे कणों और मिट्टी को अपने साथ ले जाता है। सड़कों और राजमार्गों से दूषित अपवाह तटीय इलाकों में जल प्रदूषण का सबसे बड़ा स्त्रोत है। इसमें प्रवेश करने वाले 75 फीसद जहरीले रसायन, सड़कों, छतों, खेतों और अन्य विकसित भूमि से तूफानों के दौरान पहुंचते हैं। वैज्ञानिकों की मानें तो जीवाश्म ईंधन का उपयोग, औद्योगिक कार्बन उत्सर्जन और जंगल की आग इत्यादि से समुद्री जीवन जहरीला बन रहा है। इन वैज्ञानिकों का कहना है कि इनसे उत्सर्जित पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स (पीएएचएस) नामक घातक रसायन की मात्रा समुद्र में लगातार बढ़ रही है और समुद्री जीवों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि इसके पीछे 90,000 टन पीएएचएस का उत्सर्जित होना है। उल्लेखनीय है कि पीएएचएस सौ से अधिक घातक रसायनों का समूह होता है, जो कि जीवाश्म ईंधन और लकड़ी के जलने से वातावरण में उत्सर्जित होता है। इन्हें जानलेवा प्रदूषक तत्वों की श्रेणी में रखा गया है। स्पेन के वैज्ञानिकों ने बायो हेस्पिराइट्स नाम समुद्री शोध जहाज से ब्राजील, अफ्रीका, आस्टेजलिया और हवाई द्वीप समेत कई देशों की समुद्री यात्रा कर इन्हें आंकड़ों में सहेजा है। जांच में टीम को 64 पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स मिले हैं जो अटलांटिक, प्रशांत और हिंद महासागर में पाए गए। इनमें से कुछ अत्यंत विषैले हैं जो समुद्र को जहरीला बनाने का काम कर रहे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि पीएएचएस की प्रति महीने उत्सर्जन की मात्रा इतिहास के सबसे बड़े तेल रिसाव की घटना से चार गुना अधिक खतरनाक है। तेल रिसाव के घातक परिणाम समुद्री जीवों के लिए बेहद नुकसानदायक है। वैज्ञानिकों की मानें तो कच्चे तेल में मौजूद पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स को साफ करना एक कठिन कार्य होता है। अगर यह साफ नहीं हुआ तो कई वर्षों तक तलछट और समुद्री वातावरण को जहरीला बनाए रखता हैं। यह तथ्य है कि मालवाहक जहाजों द्वारा जानबूझकर अवैध कचरे यानी कूड़ा-कबार समुद्र में छोड़ा जा रहा है। जबकि विदेशी और घरेलू नियमों के तहत ऐसे कार्य प्रतिबंधित हैं। एक अनुमान के मुताबिक कंटेनर ढ़ोने वाल मालवाहक जहाज तूफानों के दौरान हर वर्ष समुद्र में दस हजार ज्यादा कंटेनर खो देते हैं और उनमें लदा तेल समुद्री जीवों के जीवन पर भारी पड़ता है। तेल रिसाव के अलावा जहाज ध्वनि प्रदूषण भी फैलाते हैं जिससे जीव-जंतु परेशान होते हैं। इसके अलावा स्थिरक टैंकों से निकलने वाला पानी भी हानिकारण शैवाल एवं अन्य तेजी से पनपने वाली आक्रामक प्रजातियों को फैलाने में मददगार साबित होता है। एक अन्य शोध में दावा किया गया है कि प्रशांत महासागर के एक बड़े क्षेत्र के समुद्री जल में ऑक्सीजन की मात्रा लगातार घट रही है। यह शोध जार्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकताओं ने किया है। इसके पीछे भी एशियाई क्षेत्र से उत्पन वायु प्रदूषण को ही जिम्मेदार ठहराया गया है। गहरे समुद्र में यह संकट अधिक तेजी से बढ़ रहा है जिससे समुद्री जीवन के लिए खतरा उत्पन हो गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि समुद्री प्रदूषण तब होता है जब रसायन, कण, औद्योगिक, कृषि रिहायशी कचरा या आक्रामक जीव समुद्र में प्रवेश करते हैं और हानिकारक प्रभाव उत्पन करते हैं। समुद्री पदूषण के अधिकांश स्त्रोत थल आधारित होते हैं। समुद्री प्रदूषण अकसर कृषि अपवाह या वायु प्रवाह से पैदा हुए कचरे जैसे अस्पष्ट से होता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कई सामर्थ्य जहरीले रसायन सुक्ष्मकणों से चिपक जाते हैं जिनका सेवन प्लवक और नितल जीव समूह जन्तू करते हैं, जिनमें से ज्यादतर तलछट या फिल्टर फीडर होते हैं। इस तरह जहरीले तत्व समुद्री पदार्थ क्रम में अधिक गाढ़े हो जाते हैं। कई कण भारी ऑक्सीजन का इस्तेमाल करते हुए रासायनिक क्रिया के जरिए मिश्रित होते हैं और इससे खाड़ियां ऑक्सीजन रहित हो जाती हैं। उचित होगा कि समुद्र में ऑक्सीजन की मात्रा, जैव विविधता और जलीय जीवों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए हाई सीज ट्रीट्री को शीघ्र मूर्त रुप दिया जाए।

**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# महासागरों में प्रदूषण खतरे की घंटी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

महासागर इस दुनिया में मनुष्य के जीवित रहने का एक प्रमुख कारण है। महासागर हमें पीने के लिए पानी और सांस लेने के लिए ताजी हवा प्रदान करता है। इसलिए महासागर प्रदूषण का मुद्दा महत्वपूर्ण है। हम अपने जीवन में बहुत कुछ महासागर पर निर्भर हैं। महासागर प्रदूषण एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। हमारे महासागरों में कचरा जमा हो रहा है लेकिन सवाल यह है कि कचरा कहाँ से आ रहा हैं।

आज जब विश्व की कुल जनसंख्या का 30 प्रतिशत तटीय क्षेत्रों में निवास करता है तो ऐसी स्थिति में महासागर उनके लिए खाद्य पदार्थों का प्रमुख स्त्रोत साबित हो सकते हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण होने के कारण महासागर अत्यंत उपयोगी हैं। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व यहां उपस्थित वायुमंडल और महासागरों जैसे कुछ विशेष कारकों के कारण ही संभव हो पाया है। अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ ही महासागर अपने अंदर व आसपास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रों को पनाह देते हैं। जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु व वनस्पतियां पनपती हैं।

वर्तमान में मानवीय गतिविधियों का प्रभाव समुद्रों पर भी दिखाई देने लगा है। महासागरों के तटीय क्षेत्रों में दिनों-दिन प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। जहां तटीय क्षेत्र विशेष कर नदियों के मुहानों पर सूर्य के प्रकाश की पर्याप्तता के कारण अधिक जैव-विविधता वाले क्षेत्रों के रूप में पहचाने जाते थे। वहीं अब इन क्षेत्रों के समुद्री जल में भारी मात्रा में प्रदूषणकारी तत्वों के मिलने से वहां जीवन संकट में हैं। तेलवाहक जहाजों से तेल के रिसाव के कारण एवं समुद्री जल के मटमैला होने पर उसमें सूर्य का प्रकाश गहराई तक नहीं पहुंच पाता है। जिससे वहां जीवन को पनपने में परेशानी होती है और उन स्थानों पर जैव-विविधता भी प्रभावित होती है।

महासागर खाद्य पदार्थों का एक प्रमुख स्त्रोत होने के कारण हमारी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की मदद से महासागरों से पेट्रोलियम सहित अनेक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों को निकाला जा रहा है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन सहित अनेक मौसमी घटनाओं को समझने के लिए समुद्रों का अध्ययन भी महत्वपूर्ण है। पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति महासागरों में ही हुई है। आज भी महासागर जीवन के लिए आवश्यक परिस्थितियों को बनाए रखने में सहायक हैं। महासागर पृथ्वी के एक तिहाई से अधिक क्षेत्र में फैले हैं। इसलिए महासागरीय पारितंत्र में थोड़ा सा परिवर्तन पृथ्वी के समूचे तंत्र को अव्यवस्थित करने का सामर्थ्य रखता है।

हम सांस लेने के लिए जिस ऑक्सीजन का प्रयोग करते हैं। उसकी दस फीसद मात्रा हमें समुद्र से ही प्राप्त होती है। समुद्र में मौजूद सूक्ष्म वैक्टीरिया ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं जो पृथ्वी पर मौजूद जीवन के लिए बेहद जरूरी है। समुद्र में प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण की वजह से ये वैक्टीरिया पनप नहीं पा रहे हैं। जिसके कारण समुद्र में ऑक्सीजन की मात्रा भी लगातार घट रही है। यदि हम समय रहते नहीं चेते तो यह पशु-पक्षियों के साथ-साथ इंसानों के लिए भी बहुत बड़ा खतरा बन सकता है।



जकार्ता में इंडोनेशियाई ओपन बैडमिंटन में खेलती हुई यवोनी ली।

# यूएस में टूर्नामेंट से आईसीसी को नुकसान भारत के पहले मैच से काफी फैंस रहे गायब



## न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान कई सीटें खाली रहीं, उत्साह भी दिखा कम

न्यूयॉर्क। भारतीय टीम को टी20 विश्व कप 2024 में अपना पहला मैच खाली स्टेडियम में खेलना पड़ा। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान कई सीटें खाली रहीं। इसका सबसे बड़ा कारण आईसीसी द्वारा भारत के मैचों की बढ़ी हुई टिकटों की कीमत और खराब मार्केटिंग प्लान को माना जा रहा है। अब तक टी20 विश्व कप 2024 के जो भी मैच खेले गए हैं, किसी में भी फैंस स्टेडियम की पूरी क्षमता के मुताबिक मौजूद नहीं रहे हैं। स्टेडियम के प्रीमियम नॉर्थ और साउथ स्टैंड की टिकटों की कीमत लगभग 1,000 अमेरिकी डॉलर यानी 83 हजार रुपये थी और इसे खरीदने वाला कोई नहीं था। ब्रॉडकास्टर्स के लिए भी यह मुश्किलों से भरा अनुभव था क्योंकि स्क्रीन के चारों ओर बहुत सारी खाली सीटें दिख रहीं थीं। बस कुछ एक स्टैंड में सारे भारतीय फैंस जमा थे। भारत में जब 2023 वनडे विश्व कप खेला गया था तो कुछ गिने चुने मैचों को छोड़ दिया जाए तो लगभग हर मैच में स्टेडियम फुल रहा था। भारत में वनडे विश्व कप ने फैंस के स्टेडियम पहुंचना का एक नया रिकॉर्ड भी बनाया था। वहीं, टी20 विश्व कप 2024 में फैंस की कमी खल रही है। आईसीसी ने भी अभी तक फैंस के आधिकारिक उपस्थिति का खुलासा नहीं किया है। वहीं, भारत-आयरलैंड मैच के दौरान 34 हजार दर्शकों की क्षमता वाले नासाउ काउंटी स्टेडियम में करीब 20 हजार दर्शक मौजूद रहे। जो लोग इस मैच को देखने पहुंचे, वे भी स्टेडियम की व्यवस्थाओं और सुविधाओं से खुश नहीं दिखे। दर्शकों का मानना था कि टिकटों की कीमत की तुलना में सुविधाएं कम थीं।अब आईसीसी को नौ जून को इसी मैदान पर भारत बनाम पाकिस्तान मैच कराना है। आईसीसी चाहता है कि इस मैच के दौरान स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रहे। हालांकि, अब तक इसकी संभावना नहीं दिख रही है। इसका सबसे बड़ा कारण न्यूयॉर्क की खराब पिच, जिसमें दो मैचों में अभी तक 100 रन भी नहीं बन पाए हैं, को माना जा रहा है। इसके अलावा टिकटों के बढ़े हुए दाम भी एक महत्वपूर्ण कारण है। आज तक की स्थिति की बात की जाए तो मैच के सभी टिकट अभी तक नहीं बिके हैं। डायमंड क्लब सीटों की कीमत आठ लाख रुपये ($10,000), कॉर्नर क्लब सीटों की कीमट 2.2 लाख रुपये ($ 2,750) और प्रीमियम क्लब लाउंज सीटों की कीमत 2 लाख रुपये ($ 2,500) है। इन तीनों स्थानों की बहुत सारी सीटें अभी भी उपलब्ध हैं। ये वही प्रीमियम सीटें हैं जिन्हें भारत-आयरलैंड खेल के लिए बहुत कम खरीदार मिले थे और तब टिकटों की कीमतें भी काफी कम थीं। आईसीसी ने हाल ही में भारत-पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मुकाबले के लिए कई एक्स्ट्रा टिकट जारी किए थे। अगर आईसीसी स्टेडियम को भरने में विफल रहते है, तो विश्व कप को यूएसए में ले जाने के कदम को एक खराब फैसला कहा जाएगा। भारत के चार ग्रुप मैचों में से तीन न्यूयॉर्क में हैं और इन खेलों के लिए भीड़ जुटाने के लिए आयोजकों को काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। ऐसी हालत 2023 वनडे विश्व कप के दौरान या फिर 2021-2022 टी20 विश्व कप के दौरान नहीं थी।

### नहीं होगा हार्दिक पांड्या और नताशा के बीच तलाक!

मुंबई। क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और उनकी खूबसूरत पत्नी नताशा स्टैनकोविक इन दिनों चर्चा में बने हुए हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। कुछ दिनों पहले नताशा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से 'पांड्या' सरनेम को हटा लिया था। वहीं आज नताशा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक तस्वीर को साझा किया है, जिसे देखकर फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक हो गया है। क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और नताशा स्टैनकोविक कई साल पहले एक नाइट क्लब में पहली बार मिले थे। सूत्रों की मानें तो दोनों को पहली नजर में एक-दूसरे से प्यार हो गया था। क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और नताशा स्टैनकोविक के बीच सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन एक दिन नताशा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से 'पांड्या' सरनेम को हटा लिया। तभी से दोनों के फैंस को लगने लगा की दोनों के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। वहीं आज नताशा ने अपने इंस्टाग्राम की स्टोरी में अपने कुत्ते की तस्वीर को साझा करते हुए 'बेबी पांड्या' लिखा है। अब सोशल मीडिया पर नताशा की यह स्टोरी वायरल हो रही है।

# जब यूगांडा ने हासिल किया लक्ष्य

गयाना। इस मुकाबले में रिआजत अली शाह के अलावा कोई भी बल्लेबाज नहीं चला। उन्होंने 33 रनों की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। हालांकि, उनका स्ट्राइक रेट 58.92 रनों का ही रहा।

टी20 विश्व कप 2024 का नौवां मैच गुरुवार को पापुआ न्यू गिनी और युगांडा के बीच खेला गया। इस मैच में यूगांडा ने 10 गेंदों के शेष रहते हुए तीन विकेट से जीत दर्ज की। गयाना में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीएनजी 19.1 ओवर में 77 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। जवाब में युगांडा ने 182 ओवर में सात विकेट खोकर 78 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इस मुकाबले में पीएनजी की खराब शुरूआत हुई थी। 19 रन के स्कोर टीम के तीन विकेट गिरे। रामजनी ने कप्तान असद वाला को पहले ओवर की पहली गेंद पर अपना शिकार बनाया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद मियागी ने सेसे बाऊ को आउट किया। वह सिर्फ पांच रन बना सके। टीम को तीसरा झटका कॉसमस ने दिया। उन्होंने टॉनी उरा को मुकासा के हाथों कैच कराया। वह मात्र एक रन बना सके। युगांडा के खिलाफ लीगा स्याका ने 12, हीरि हीरि ने 15, चार्ल्स एमिनी ने पांच, किपलिन डॉर्जिया ने 12, चैड सोपर ने चार, नॉर्मन वेनुआ ने पांच, अली नाओ ने पांच रन बनाए। वहीं, जॉन करिको बिना खाता खोले नाबाद रहे। इस मुकाबले में युगांडा के लिए अल्पेश,



कॉसमस, मियागी और फ्रेंक सुबुगा ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि ब्रायन मसाबा को एक सफलता मिली।

77 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा की शुरूआत कुछ अच्छी नहीं हुई। छह रन के स्कोर पर टीम ने तीन विकेट गंवा दिए। अली नाओ ने रोजर मुकासा को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद दूसरे ओवर में वानुआ ने रॉबिनसन को अपना शिकार बनाया।

वह सिर्फ एक रन बना सके। तीसरे ओवर में नाओ ने सामन सेसाजी को आउट किया। वह भी सिर्फ एक रन बना सके। इस मुकाबले में रिआजत अली शाह के अलावा कोई भी बल्लेबाज नहीं चला। उन्होंने 33 रनों की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। हालांकि, उनका स्ट्राइक रेट 58.92 रनों का ही रहा। इस मैच में अल्पेश ने आठ, दिनेश ने शून्य, जुमा मियागी ने 13, केनेथ (नाबाद) ने सात रन बनाए।

## 'ऑलआउट' होने पर भड़के माइकल वॉन

न्यूयॉर्क। टी20 विश्व कप 2024 में भारत ने आयरलैंड को हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। टीम इंडिया की घातक गेंदबाजी के आगे विरोधी टीम 96 रनों पर ऑलआउट हो गई। इस मैच के बाद न्यूयॉर्क की पिच को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माकल वॉन ने नासाउ काउंटी स्टेडियम की पिच पर बड़ा बयान दिया है।

जानकारी के अनुसार, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड की टीम 16 ओवर में 96 रन पर सिमट गई थी। जवाब में टीम इंडिया ने 12.2 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अपने पहले मैच में भारतीय टीम ने न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड को आठ विकेट से हरा दिया। इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा ने 37 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 52 रन की पारी खेली। हालांकि, वह रिटायर्ड हर्ट हो गए।

# ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हराया

ब्रिजटाउन। ऑस्ट्रेलिया और ओमान के बीच टी20 विश्व कप 2024 का 10वां मुकाबला खेला न्यूयॉर्क में खेला गया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 164 रन बनाए। जवाब में ओमान 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया ने यह मुकाबला 39 रनों से जीत लिया।

टी20 विश्व कप 2024 के तहत गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया और ओमान के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में मिचेल मार्श की टीम ने ओमान को 39 रनों से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 164 रन बनाए। जवाब में ओमान 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। इस मैच में डेविड वॉर्नर और मार्कस स्टोइनिस ने अर्धशतक लगाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान की टीम नौ विकेट पर 125 रन बना सकी। इस मैच में उनकी शुरूआत झटके के



साथ हुई थी। पहले ओवर की तीसरी गेंद पर मिचेल स्टार्क ने प्रतीक अठावले को एलबीडब्ल्यू आउट किया।

पांचवें ओवर में नाथन एलिस ने कश्यप एलिस को आउट किया जो सिर्फ सात रन बना सके। इस मैच में ओमान का बल्लेबाजी क्रम कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाया। अयान खान के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चला। उन्होंने 36 रन बनाए। हालांकि, 16वें ओवर में जम्पा ने उन्हें अपना शिकार बनाया। इस मैच में आकिब इलियास 18, जीशान मकसूद एक, खालिद काइल आठ, शोएब खान शून्य, मेहरान खान 27, शकील अहमद 11 रन बना सके। वहीं, कलीमुल्लाह और बिलाल खान क्रमशः छह और एक रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टोनिस ने तीन विकेट चटकाए जबकि स्टार्क, एलिस और जम्पा ने दो-दो विकेट झटके।

# चंदू चैंपियन में कार्तिक आर्यन ने की अपने किरदार की तैयारी

मुंबई। साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान द्वारा साथ मिलकर बनाई गई, फिल्म 'चंदू चैंपियन' इस साल की सबसे बड़ी रिलीज में से एक है, जो इस महीने सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार हैं। जबरदस्त ट्रेलर और गाने 'सत्यानास' और 'तू है चैंपियन' के साथ बढ़ती एक्साइटमेंट के बीच, दर्शकों को कार्तिक आर्यन का बिल्कुल नया अवतार देखने को मिल रहा है। इस फिल्म में उनकी बॉडी एकदम एथलेटिक है। एक्टर का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन उनकी डेडीकेशन को साफ तौर से दिखाता है, और यह बिना किसी शक एक्टर के लिए एक खास यात्रा रही है। चंदू चैंपियन में अपनी भूमिका की तैयारी के एक्सपीरियंस को शेयर करते हुए कार्तिक आर्यन ने कहा, चंदू चैंपियन के लिए एक फिट फिजिक बनाने और मेंटेन करने के लिए, फिल्म ने मेरे डिसिप्लिन और



डेडीकेशन की सच में परीक्षा ली है। फिल्म की लंबी शूटिंग के लिए मुझे महीनों तक अच्छी कंडीशन में रहना पड़ा। किरदार में पूरी तरह ढलने के लिए मुझे हर दिन अपनी लिमिट्स को पार करना पड़ा। यह सिर्फ दिखने भर की बात नहीं थी; यह हर एक दिन उसी तरह जीने की बात थी। इसमें टफ ट्रेनिंग रूटीन में सुबह सुबह वर्कआउट, स्ट्रिक्ट डाइट और लगातार फिजिकल और मेंटल तैयारी शामिल थी।

# शिल्पा ने रैप पर बिखेरा जलवा



नई दिल्ली, एजेंसी। फिल्म एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी को हाल ही में गोरेगांव फिल्म सिटी में स्पॉट किया गया है। इस अवसर पर काफी खूबसूरत लग रही थी। वह इंडिया गॉट टैलेंट सीजन 10 के सेट पर नजर आ रही हैं। उन्होंने अब पैपराजी के आगे पोज किया है। उनकी स्टाइलिश और खूबसूरत ड्रेस फैंस के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। वहीं, उनके टोंड एब्स ने भी सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

शिल्पा शेट्टी सेट पर लाल कलर की खूबसूरत ड्रेस पहनकर पहुंची है। उन्होंने मेकअप भी कर रखा है। इसके अलावा, उन्होंने अपने बाल बांध रखे थे। उन्होंने हाई पर्पल हील्स पहन रखी थी। उनकी वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। वह वैनिटी से उतरकर मीडिया के आगे पोज करती नजर आई। उन्होंने स्माइल भी किया। शिल्पा शेट्टी की वीडियो पर कई लोगों ने प्रतिक्रिया दी है। एक ने लिखा है कि वह बहुत ही खूबसूरत है। उनकी ड्रेस काफी अच्छी हैं। वहीं कई लोगों ने दिल और आग की इमोजी भी शेयर की है। वह जल्द कई फिल्मों में अहम भूमिकाएं निभाती नजर आनेवाली है। उन्होंने कई फिल्मों में अहम रोल निभाए है। हाल ही में, शिल्पा शेट्टी 48 साल की गई है। हालांकि, वह काफी फिट है। वह हाल ही में वेकेशन मनाने गई थी। उन्होंने स्विम सूट पहनकर स्विमिंग पूल के पास खड़े होकर पोज भी किया था। उनकी वीडियो पर कई लोगों ने मजेदार कमेंट्स भी किए थे।

## 72 हूरें: लास्ट मिनट में कैसे करें बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी। 72 हूरें फिल्म के निर्देशक संजय पूरन सिंह चौहान ने एक नया इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने कहा है, कि जब आप बड़े पर्दे के लिए किसी चीज का निर्माण करते हो, तब आप चाहते हो कि आपके प्रोमो का ढेर सारी सिनेमाघरों में दिखाया जाए लेकिन इस फिल्म के प्रोमो को सेंसर बोर्ड ने पास ही नहीं किया। जब यह 28 अगस्त को रिलीज हो रही है तब 27 जुलाई को वह बताते हैं कि आप इसमें बदलाव करिए। आप ही बताइए कि इतने कम समय में कैसे बदलाव कर सकते है जो कि अंतिम समय के बदलाव माने जाएंगे। गौरतलब है कि संजय पूरन सिंह चौहान ने 72 हूरें फिल्म को लेकर बृहद चर्चा की है। इसके पहले, सीबीएफसी ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा था कि फिल्म के ट्रेलर को उन्होंने सर्टिफाइड करने से बिलकुल भी इनकार नहीं किया है। संजय पुरन सिंह चौहान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक है।

# पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के लिए तैयार है भारतीय टीम : रोहित

न्यूयॉर्क। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम पाकिस्तान के खिलाफ रविवार 9 जून को होने वाले मुकाबले के लिए तैयार है। भारतीय टीम ने आयलैंड के खिलाफ शानदार जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया है और वह इसे बरकरार रखना चाहेगी। पिच को लेकर रोहित हालांकि कुछ परेशान नजर आये। रोहित ने कहा कि उनकी टीम रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में किसी भी प्रकार के हालातों में खेलने के लिए तैयार है। आयरलैंड के खिलाफ मैच में भारतीय गेंदबाज और बल्लेबाज सफल रहे। पहले ही स्पेल में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने दो विकेट लिए। वहीं मोहम्मद सिराज और हार्दिक पांड्या ने भी अच्छी गेंदबाजी की। हार्दिक ने तीन विकेट लिए। भारतीय टीम के सामने केवल 97 रनों का लक्ष्य था। विराट कोहली पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित के साथ ओपनिंग कर करते हुए एक रन ही बना पाये। रोहित अर्धशतक लगाकर रिटायर हर्ट और ऋषभ पंत ने नाबाद 30 रन बनाकर टीम की जीत तय की।

मैच खत्म होने के बाद रोहित ने कहा, मुझे नहीं पता कि पाकिस्तान के खिलाफ क्या उम्मीद करनी चाहिए। हम हालातों के हिसाब से तैयारी करेंगे। यह ऐसा मैच होगा जिसमें पूरी टीम एक साथ आएगी और अपना योगदान देंगे। उम्मीद है कि हम फिर से इसी तरह का प्रदर्शन कर पाएंगे। नया मैदान, नया वेन्यू और हम देखना चाहते थे कि यहां खेलकर कैसा लगता है। मुझे लगता है कि पिच अभी जमी नहीं है और तेज गेंदबाजों को काफी मदद दे रही है। इस मैच में रोहित हाथ में चोट लगने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए। पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले कप्तान का चोटिल होना भारत के लिए चिंताजनक है पर कहा गया है कि उनकी चोट गंभीर नहीं है।

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान



रोहित शर्मा ने आयरलैंड के खिलाफ पहले ही टी20 विश्व कप क्रिकेट मैच में जीत के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल कर ली है। अब रोहित टी20 में कप्तान के तौर पर जीत के मामले में सबसे आगे हो गये हैं। रोहित ने टी20 में कप्तान के तौर पर महेन्द्र सिंह धोनी के सबसे अधिक जीत के रिकार्ड को तोड़ दिया। रोहित ने अब तक 55 टी20 में कप्तान के तौर पर 42 मुकाबले जीते हैं जबकि धोनी के नाम 73 में 41 जीत का रिकार्ड है। इसके अलावा रोहित का जीत प्रतिशत (77.29) भी धोनी (59.28) से काफी ज्यादा है। वहीं कोहली के नाम 50 टी20 में कप्तान के तौर पर 30 जीत हैं। इसके अलावा इस मैच में 37 गेंदों पर 52 रन बनाकर भी रोहित ने एक नया रिकार्ड बनाया है। रोहित इस मैदान पर अर्धशतक लगाने वाले अकेले खिलाड़ी बने हैं। उन्होंने अपनी पारी के दौरान तीन छक्के लगाये। इस मैच में रोहित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 छक्के लगाने वाले पहले क्रिकेटर भी बने। रोहित के अब तक 427 मैचों में 600 छक्के हो गये हैं। वहीं दूसरे नंबर पर क्रिस गेल के नाम 483 मैचों में 553 छक्के और शाहिद अफरीदी के नाम 524 मैचों में 476 छक्के हैं। रोहित ने इस दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय में 4000 रन भी पूरे किये। वह खेल के तीनों प्रारूपों में 4000 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए।

रोहित ने टी20 विश्व कप में भी 1000 रन बनाए और कोहली के बाद दूसरे भारतीय बने।

# गौतम अडाणी के बिजनेस का नया पैंतरा

## ऑनलाइन बुकिंग बिजनेस में IRCTC को टक्कर देंगे, 'ट्रेनमैन' प्लेटफॉर्म खरीदेगा ग्रुप

मुंबई, एजेंसी। गौतम अडाणी का अडाणी ग्रुप अब रेलवे सेक्टर में कदम रखने की तैयारी कर रहा है। अडाणी एंटरप्राइजेज जल्द ही ऑनलाइन ट्रेन टिकटों की सेल करेगी। इतना ही नहीं कंपनी ऑनलाइन ट्रेन टिकट बुकिंग बिजनेस में इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (IRCTC) की मोनोपोली (एकाधिकार) को चुनौती भी देगी। अडाणी एंटरप्राइजेज ने शुक्रवार (16 जून) को अपने इन इरादों के बारे में इंडियन स्टॉक मार्केट को इन्फॉर्म किया है। कंपनी ने यह भी बताया है कि अपने इस बिजनेस प्लान के लिए वो स्टार्क एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड (SEPL) में 100% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी।

अडाणी एंटरप्राइजेज ने स्टॉक मार्केट को बताया कि अडाणी डिजिटल लैब्स प्राइवेट लिमिटेड



(ADL) ने स्टार्क एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड में 100% हिस्सेदारी के प्रस्तावित अधिग्रहण के संबंध में शेयर परचेज एग्रीमेंट (SPA) पर हस्ताक्षर किए हैं।' हालांकि, दोनों कंपनियों के बीच ये डील कितने में हुई है, इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है। अडाणी डिजिटल लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, अडाणी एंटरप्राइजेज की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। एग्रीमेंट के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए अडाणी एंटरप्राइजेज ने कहा कि SEPL के 100% इक्विटी शेयरों के अधिग्रहण के संबंध में एग्रीमेंट की शर्तों, परस्पर अधिकारों, दायित्वों और अन्य मामलों को SPA रिकॉर्ड करता है।

स्टार्क एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड को 'ट्रेनमैन' के नाम से भी जाना जाता है। ट्रेनमैन एक ऑथराइज्ड ऑनलाइन ट्रेन टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म है, जिसे गुरुग्राम बेस्ड स्टार्क एंटरप्राइजेज द्वारा ऑपरेट किया जाता है। इस प्लेटफॉर्म के जरिए ट्रेन टिकट बुकिंग के अलावा आप PNR स्टेटस, कोच की पोजिशन, ट्रेन का लाइव स्टेटस और सीट की अवेलेबिलिटी जैसी जानकारी हासिल कर सकते हैं। फरवरी 2023 के आखिरी में हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के कारण भारी बिकवाली के बाद अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर NSE पर लगभग 1,195 के निचले स्तर पर आ गए थे। अपने साल-दर-साल के निचले स्तर से वापसी करते हुए अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर की कीमत पिछले सप्ताह शुक्रवार को लगभग 2505 के पार हो गई है। चार महीने से भी कम समय में कंपनी के शेयर में 100% से ज्यादा की ग्रोथ हुई है।

# गूगल भारत में शुरू करेगा पिक्सल स्मार्टफोन बिजनेस



नई दिल्ली, एजेंसी। अल्फाबेट की सब्सिडरी दिग्गज टेक कंपनी गूगल (Google) भारत में पिक्सल (Pixel) स्मार्टफोन का प्रोडक्शन शुरू कर सकता है। इसके लिए कंपनी सप्लायर की तलाश कर रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, गूगल ने कुछ कंपनियों के साथ बातचीत शुरू की है। इनमें भारत की घरेलू कंपनियां लावा इंटरनेशनल लिमिटेड और डिक्सन टेक्नोलॉजी लिमिटेड शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इन कंपनियों के अलावा गूगल फॉक्सकॉन (Foxconn) टेक्नोलॉजी ग्रुप की भारतीय यूनिट, भारत FIH के साथ भी बात कर रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, अगर कंपनियों के बीच बातचीत डील में बदलती है, तो गूगल को भारत में लोकल असेंबली के जरिए पिक्सल स्मार्टफोन की बिक्री को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा गूगल भारत में दूसरे हार्डवेयर जैसे स्पीकर्स का प्रोडक्शन भी शिफ्ट कर सकती है। फिलहाल गूगल, लावा, डिक्सन और Foxconn की ओर से इस पर कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पिछले महीने गूगल CEO सुंदर पिचाई से कैलिफोर्निया में माउंटेनव्यू स्थित कंपनी के हेडक्वाटर में मुलाकात की थी। उन्होंने भारत में लोकल मैन्युफैक्चरिंग अभियान को लेकर चर्चा की।








I AM
PRO




I AM
PR
















#Mera Vote
Mera Haq

# श्रद्धालुओं की बस पर आतंकी हमला, दस लोगों की मौत

## बढ़ सकती है संख्या, घटनास्थल से गोलियों के खोखे मिले, अलर्ट पर सेना, 4 मई को एयरफोर्स के काफिले पर हुआ था हमला



जम्मू। जम्मू संभाग के रियासी जिले में रविवार शाम में संदिग्ध आतंकवादी हमले की सूचना है। बताया जा रहा है कि गोलीबारी के बाद तीर्थयात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई। नई दिल्ली में पीएम मोदी और नई कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान ये टेररिस्ट अटैक हुआ है।

जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने शिव खोड़ी से लौट रही बस को निशाना बनाया है। इस बस में 40 से 50 यात्री सवार थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, आतंकियों ने इस बस पर 40 से 50 राउंड फायरिंग की, जिसमें एक गोली बस ड्राइवर के भी लगी। बस ड्राइवर को गोली लगने के बाद बस गहरी खाई में गिर गई। इस घटना में कई लोगों के हताहत होने की सूचना है।

अधिकारियों ने शुरूआती रिपोर्टों का हवाला देते हुए बताया कि कटड़ा से शिवखोड़ी जा रहे तीर्थयात्रियों से भरी बस पर पोनी इलाके में हमला हुआ। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान शुरू किया गया। पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों की टीमें मौके पर पहुंच गईं। बचाव अभियान जारी है। मौके से गोली भी बरामद हुई है। इसके मद्देनजर इलाके की घेराबंदी भी कर दी गई है। करीबी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शिवखोड़ी धार्मिक स्थल से दर्शन करके लौट रहे यात्रियों की बस पर आतंकियों ने घात लगाकर हमला किया। आतंकियों की गोलीबारी के बाद ही बस दुर्घटनाग्रस्त हुई। इसमें 10 यात्रियों के मारे जाने की भी सूचना है, हालांकि अभी तक इस मामले में कोई भी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में 4 मई एयरफोर्स के जवानों पर हुए आतंकी हमले में एक जवान शहीद हो गया था।दरअसल, हमले में पांच जवान घायल हुए थे, जिन्हें एयरलिफ्ट कर उधमपुर के अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान एक जवान की मौत हो गई। यह हमला पुंछ के शाहसितार इलाके में हुआ। आतंकियों ने सुरक्षाबलों के दो वाहनों पर भारी फायरिंग की। इसमें से एक वाहन एयरफोर्स का था। दोनों गाड़ियां सनाई टॉप जा रही थीं। आतंकियों की गोलियां वाहन के सामने और साइड वाले शीशे को पार कर गईं।

इस घटना को सीधे तौर पर पीएम मोदी को चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। क्योंकि पीएम मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण में पड़ोसी देशों बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, नेपाल, भूटान, सेसेल्स, मॉरीशस के शासनाध्यक्ष और राष्ट्रध्यक्षों को आमंत्रित किया है। इस समारोह में तमाम देशों के राजदूत और उच्चायुक्त भी शामिल हुए। ऐसे में इस तरह की आतंकी घटना को अंजाम देकर पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने भारत की प्रतिष्ठा को चुनौती दी है। इस शपथ ग्रहण के लिए राजधानी दिल्ली सहित पूरे देश में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। हमने के जरिए वह दुनिया को यह संदेश देना चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर में वह अब भी सक्रिय है और उनका प्रभाव है। पीएम मोदी ने अपने शपथ ग्रहण में सात पड़ोसी देशों को आमंत्रित किया था लेकिन उसमें पाकिस्तान का नाम नहीं था। इस तरह उन्होंने संकेत दे दिया कि उनके तीसरे कार्यकाल में भी पाकिस्तान को लेकर उनके रुख में कोई नरमी नहीं आने वाली है। लेकिन, आज के आतंकी हमले ने पीएम मोदी के इस रुख में शून्य प्रतिशत के बदलाव की भी गुंजाइश नहीं छोड़ी है।

# सपा विधायक सोलंकी को सात साल की सजा



कानपुर। यूपी के कानपुर से सपा विधायक इरफान सोलंकी पर कानूनी शिकंजा कस दिया गया है। शुक्रवार को जाजमऊ आगजनी मामले में एमपीएमएलए कोर्ट का फैसला आ गया। कोर्ट ने इरफान सोलंकी समेत पांच आरोपियों को 7 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 30 हजार का जुमार्ना भी लगाया गया है। इरफान को महाराजगंज जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जोड़ा गया था। जाजमऊ थाना क्षेत्र स्थित डिफेंस कॉलोनी में रहने वाली नजीर फातिमा का प्लाट है। नजीर फातिमा का परिवार प्लाट में टृर और छप्पर डालकर रहता है। नजीर फातिमा ने आरोप लगाया था कि सपा विधायक और उनके भाई प्लाट पर कब्जा करना चाहते थे। बीते 7 नवंबर 2022 (सोमवार) को परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। इसी बीच विधायक और उनके भाई ने झोपड़ी में आग लगा दी। पुलिस ने आईपीसी की धारा 147, 327, 427, 386, 504, 436, 506 और 120 के तहत मुकदमा किया था। कोर्ट ने बीते 3 जून को आईपीसी की धारा 336, 427, 147, 504, 323 की धाराओं में दोषी करार दिया था। इसके साथ ही धारा 386, 149, 120बी में दोष मुक्त कर दिया था। कोर्ट ने इरफान सोलंकी उनके भाई रिजवान सोलंकी, शौकत पहलवान, शरीफ और इजराइल आटे वाला को दोषी मानते हुए 7 साल की सजा सुनाई है। सपा विधायक इरफान सोलंकी को विधानसभा सदस्यता भी गवानी पड़ेगी। जाजमऊ आगजनी मामले में आईपीसी की धारा 436 में 8 से 10 की सजा का प्रावधान है। यदि उन्हें दो साल की सजा होती, तो उनकी विधानसभा सदस्यता बच सकती थी। फिलहाल उन्हें विधानसभा सदस्यता से अयोग्य करारा कर दिया जाएगा।

# लोकसभा में मुखर होकर उठाएं मुद्दे

## समाजवादी पार्टी के सांसद और विधायकों से मिले अखिलेश यादव



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिली सफलता से उत्साह से भरे हुए हैं। उन्होंने सपा सांसदों को लोकसभा में जनता के मुद्दों को मुखरता से रखने का निर्देश दिया और इसी तरह विधायकों से भी यूपी विधानसभा में मुद्दे उठाने की बात कही। चुनाव परिणाम आने के बाद अखिलेश यादव ने लखनऊ में पार्टी के सांसदों-विधायकों के साथ बैठक की। इस मौके पर शिवपाल यादव ने भी संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा अपने अहंकार के कारण हारी है। सुल्तानपुर लोकसभा सीट पर भाजपा नेता मेनका गांधी को हराने वाले रामभुआल निषाद ने कहा कि यूपी के विधानसभा चुनाव में सपा जीतेगी। लोकसभा चुनाव में सपा ने यूपी में अकेले 37 सीटों पर और कांग्रेस के साथ मिलकर 43 सीटें जीती। यह प्रदर्शन सपा के लिए ऐतिहासिक है और बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। अब कहा जा रहा है कि अखिलेश यादव केंद्र की राजनीति करेंगे और यूपी में नेता प्रतिपक्ष किसी और को बनाया जाएगा। लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन से पार्टी हाईकमान उत्साहित है। ऐसे में पार्टी नेता कयास लगा रहे हैं कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव करहल विधानसभा सीट छोड़ सकते हैं। वहीं कुछ नेताओं ने तो चुनाव लड़ने के लिए तैयारी भी शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक इस संबंध में पार्टी हाईकमान ने अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है।

**गरमाई सियासत**

**शिवपाल बोले-भाजपा अपने अहंकार के कारण हारी**

# लोकसभा चुनाव के बाद ऐक्शन में सीएम योगी



लखनऊ। लोकसभा चुनाव खत्म होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक्शन में आ गए हैं। चार जून को लोकसभा का रिजल्ट आते ही पांच जून को नियुक्तियों को लेकर अफसरों को निर्देश दिया था। अगले दो दिन दिल्ली में आयोजित बीजेपी संसदीय दल और एनडीए की बैठक में शामिल हुए। अब शनिवार को यूपी के सभी मंत्रियों की बड़ी बैठक बुलाई है। बैठक का एजेंडा अभी सामने नहीं आया है लेकिन माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी को मिली निराशाजनक सीटों को लेकर मंत्रियों से चर्चा की जाएगी। हार की समीक्षा के साथ ही सरकार की प्राथमिकता वाले कार्यों को तेजी से करने पर बात होगी। सरकार की प्राथमिकता अब लोकसभा चुनाव की हारी सीटों पर जल्द से जल्द लोगों में दोबारा भाजपा के प्रति विश्वास जगाना है। कई सांसदों ने हार के लिए विधायकों और संगठन के लोगों पर भितरघात करने और सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया है। खासकर केंद्रीय मंत्रियों ने विधायकों पर सीधे निशाना साधा है। देश में भाजपा को सबसे बड़ा झटका यूपी में ही लगा है। यहां पिछली बार सपा-बसपा के गठबंधन के बाद भी भाजपा 63 सीटें जीतने में कामयाब हो गई थी। इस बार उसे केवल 33 सीटें ही मिली हैं। पांच सीटों पर सिमटने वाली सपा और केवल एक सीट पाने वाली कांग्रेस ने आश्चर्यजनक रूप से क्रमशः 37 और छह सीटें जीत ली हैं। यूपी के आठ विधायक भी अब सांसद बन गए हैं। ऐसे में इन सीटों पर उपचुनाव होगा।

# पीएम मोदी के मुरीद हुए नीतीश

## बैठक में चार बार बोले- साथ रहेंगे, कहा- अगली बार...



नई दिल्ली। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल की बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। नीतीश ने नरेंद्र मोदी के नाम के प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए कहा, खुशी की बात है कि 10 साल से ये प्रधानमंत्री हैं और फिर प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं। उन्होंने देश की सेवा की है। अब पूरा भरोसा है कि जो भी बचा है, अगली बार ये सब पूरा कर देंगे। जो भी हर राज्य का है, वह भी। हम लोग पूरे तौर पर सब दिन इनके साथ रहेंगे। पूरे तौर पर जो भी कुछ करेंगे, जिस तरह से ये करेंगे, सब अच्छा है। उन्होंने कहा, हमका तो लगता है कि जब अगली बार आप आइएगा न, इस बार जो लोग कुछ इधर-उधर जीत गया है, अगली बार वो सब हारेगा। हमें पूरा भरोसा है। ये सब बिना मतलब का बात गोल-मोल करके क्या किया है? उन लोगों ने आज तक कोई काम नहीं किया, कोई देश सेवा नहीं की। आपने इतनी सेवा की है। उसके बाद इस तरह हुआ है। इस बार जो मौका है, उसके बाद आगे कुछ नहीं होगा, उन लोगों के लिए कोई गुंजाइश नहीं रहेगा। वो सब लोग हारेंगे। उधर बिहार का भी सब काम हो ही जाएगा। जो कुछ बचा है, हम वो भी कर देंगे। देश का सबसे पुराना इलाका है। हम लोग पूरे तौर पर, जो आप चाहिएगा, उस काम के लिए हम लगे रहेंगे। दरअसल, नीतीश भाषण देने के बाद मंच की तरफ आए तो उन्होंने पीएम मोदी के पैर छूने की कोशिश की। जैसे ही नीतीश कुमार पैर छूने को बढ़े तो मोदी ने उनके दोनों हाथ पकड़ लिए। इस दौरान दोनों के बीच बातचीत हुई। नीतीश ने सिर झुकाकर अभिवादन किया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। एनडीए की बैठक में चिराग पासवान जब भाषण देकर मोदी के पास पहुंचे तो मोदी ने उन्हें गले लगा लिया।

# राहुल गांधी लोकसभा चुनाव के मैन ऑफ द मैचः थरूर



नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव का मैन ऑफ द मैच करार दिया और कहा कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालनी चाहिए। लोकसभा चुनाव में लगातार चौथी बार तिरुवनंतपुरम से निर्वाचित हुए थरूर ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा कि जनादेश का संदेश यह है कि मतदाताओं ने भाजपा के अति अहंकार और उसके मेरी बात मानिए, नहीं तो रास्ता नापिये के रवैये को अनुचित ठहराया है। अगली राजग सरकार को लेकर उनका कहना था, यह नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के लिए एक चुनौती होगी, जो अपनी सरकार चलाने में बहुत अधिक सलाह-मशविरा करने के आदी नहीं रहे हैं और मुझे लगता है कि यह उनके काम करने के तरीके को बदलने और सरकार के भीतर अधिक समायोजन करने की उनकी क्षमता की परीक्षा होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि विपक्ष के साथ भी सरकार का अधिक समायोजन रहेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बार मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार कुछ मुद्दों पर मजबूर सरकार साबित हो सकती है क्योंकि इस गठबंधन का हिस्सा बनने वाली पार्टियों को हर बात पर सहमत होना होगा। थरूर ने कहा, पहले से ही अग्निपथ योजना पर एक पार्टी द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इसकी समीक्षा की जानी चाहिए। इस विचार का जद (यू) और चिराग पासवान पार्टी द्वारा समर्थन किया गया है। आंध्र प्रदेश और बिहार दोनों में कई नेताओं ने अपने राज्यों के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगा है, जिससे भाजपा सरकार ने अब तक इनकार कर दिया था। इसको भी फिर से देखना होगा। थरूर ने कहा कि अब इस सरकार को अधिक सहमति वाला मॉडल शासन लाना होगा।

# लोन महंगे नहीं होंगे, ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी

## ब्याज दरों में लगातार 8वीं बार बदलाव नहीं, आरबीआई ने 6.5 % पर रेपो रेट बरकरार रखी



नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार आठवीं बार ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया है। आरबीआई ने ब्याज दरों को 6.5 प्रतिशत पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी 2023 में दरें 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत की थीं। 5 जून से चल रही मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को दी। ये मीटिंग हर दो महीने में होती है। आरबीआई ने इससे पहले अप्रैल में हुई बैठक में ब्याज दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली मीटिंग अप्रैल-2022 में हुई थी। तब आरबीआई ने रेपो रेट को 4 प्रतिशत पर स्थिर रखा था, लेकिन आरबीआई ने 2 और 3 मई को इमरजेंसी मीटिंग बुलाकर रेपो रेट को 0.40 प्रतिशत बढ़ाकर 4.40 प्रतिशत कर दिया था। 22 मई 2020 के बाद रेपो रेट में ये बदलाव हुआ था।

इसके बाद 6 से 8 जून को हुई मीटिंग में रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत इजाफा किया। इससे रेपो रेट 4.40 प्रतिशत से बढकर 4.90 प्रतिशत हो गई। फिर अगस्त में इसे 0.50 प्रतिशत बढ़ाया गया, जिससे ये 5.40 प्रतिशत पर पहुंच गई। सितंबर में ब्याज दरें 5.90 प्रतिशत हो गई। फिर दिसंबर में ब्याज दरें 6.25 प्रतिशत पर पहुंच गईं। इसके बाद वित्त वर्ष 2022-23 की आखिरी मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग फरवरी में हुई, जिसमें ब्याज दरें 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दी गई थीं।

**महंगाई दर पर निगरानी रखने की जरूरत :** उन्होंने ईंधन की कीमतों में गिरावट के रुख के लिए एलपीजी कीमतों में कटौती को जिम्मेदार ठहराया। इसके अलावा, उन्होंने खाद्य कीमतों में वृद्धि की वैश्विक प्रवृत्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे व्यापक बाजार में बदलाव दिख सकता है। उन्होंने कहा कि खाद्य कीमतों में अनिश्चितता पर नजर बनाए रखने की जरूरत है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि जरूरत के मुताबिक लिक्विडिटी पर फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोर महंगाई दर पर निगरानी रखने की जरूरत है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में रुपये में कम उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। एफवाय25 की दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया गया है।

# इस्तीफे पर अड़े फडणवीस बातचीत में शाह ने मनाया



नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने देवेंद्र फडणवीस से महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद पर बने रहने को कहा है। दरअसल संसदीय चुनाव में महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकसभा सदस्यों की संख्या 23 से घटकर नौ रह जाने के बाद उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को पद से इस्तीफा देने की पेशकश की। उन्होंने कहा था कि वह डिप्टी सीएम का पद छोड़ना चाहते हैं ताकि विधानसभा चुनाव से पहले पूरी तरह पार्टी के कामकाज पर ध्यान केंद्रित कर सकें। हालांकि अमित शाह ने उन्हें ऐसा करने से रोक लिया है। एक न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि फडणवीस ने गुरुवार को अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की और इस्तीफा देने के अपने फैसले की पुष्टि की। इस दौरान शाह ने फडणवीस से कहा कि नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह तक अपने पद पर बने रहें और उसके बाद आगे की चर्चा की जाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के साथ महाराष्ट्र सरकार का हिस्सा हैं। अविभाजित शिवसेना और भाजपा ने 2019 में राज्य की 48 में से 41 सीटें जीती थीं, लेकिन महाराष्ट्र में महायुति कहलाने वाले नए गठबंधन को इस बार केवल 17 सीटें ही मिल पाईं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) से मिलकर बनी महा विकास अघाड़ी ने 30 निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की है। फडणवीस ने मतगणना के एक दिन बाद बुधवार को ही इस्तीफे की पेशकश की थी और उसके बाद से कई भाजपा नेताओं ने उनसे बात की है। शुक्रवार को एनडीए की बैठक के बाद, भाजपा नेता ने राज्य में गठबंधन के प्रदर्शन पर चर्चा करने के लिए उपमुख्यमंत्री अजित पवार और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ बैठक की। सूत्रों ने कहा कि इस दौरान फडणवीस के इस्तीफे का विषय भी उठा। इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने शाह से उनके आवास पर मुलाकात की, जहां सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्री ने उनसे महाराष्ट्र सरकार के लिए काम करना जारी रखने और राज्य में भाजपा को पुनर्जीवित करने की योजना तैयार करने को कहा।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव इस साल अक्टूबर के आसपास होने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक, शाह ने फडणवीस से कहा, अगर आप इस्तीफा देते हैं, तो इससे भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल प्रभावित होगा। इसलिए अभी इस्तीफा न दें। शाह ने उनसे यह भी कहा कि वे नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण के बाद इस्तीफे पर विस्तार से चर्चा करेंगे। फडणवीस ने दो दिन पहले इस्तीफा देने की पेशकश की थी, लेकिन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि चुनावी हार गठबंधन की सामूहिक जिम्मेदारी है और वह अपने डिप्टी से बात करेंगे। शिंदे ने कहा, मैं जल्द ही देवेंद्र जी से बात करूंगा। शिंदे ने कहा कि फडणवीस इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के पुनर्निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं और महायुति की हार के कारणों की समीक्षा की जाएगी।

# धन्यवाद यात्रा निकालेगी कांग्रेस



लखनऊ। यूपी में लोकसभा चुनाव के परिणामों से उत्साहित कांग्रेस पार्टी 11 जून से 15 जून तक प्रदेश में धन्यवाद यात्रा निकालेगी। इसके जरिए पार्टी प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों तक पहुंचेगी और जनता से आभार जताएगी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का संदेश जनता तक पहुंचाएगी। ये जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने दी। उन्होंने शुक्रवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी ने लोकसभावार चुनाव परिणाम की समीक्षा की। हम 17 सीटों पर लड़े और छह पर जीते। हमने गठबंधन के रूप में चुनाव में भाग लिया और हमारा गठबंधन प्रदेश की 43 सीटों पर विजयी रहा। बैठक में महिला अधिकार समेत 9 प्रस्ताव पास किए गए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से जनता हमसे जुड़ी। देश के संविधान पर खतरा मंडरा रहा था। यूपी की जनता ने अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया। कांग्रेस के हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने संसाधन के अभाव में भी पूरा सहयोग किया और कठोर मेहनत की। प्रदेश में नया बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि हमने बैठक में आने वाले समय में जिम्मेदारियों की चर्चा की और 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा की। हमारी केंद्र में सरकार नहीं है लेकिन किसानों के प्रति अन्याय, उनकी फसलों की कीमत के लिए संघर्ष करेंगे। युवाओं के रोजगार के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने अमेठी, रायबरेली और वाराणसी की जनता का भी आभार जताया। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि रायबरेली और वायनाड से सदस्यता को लेकर राहुल गांधी खुद निर्णय लेंगे लेकिन हमारी मांग है कि वह रायबरेली से सांसद बने रहें। अविनाश पांडेय ने कहा कि देश की जनता का आस्था और विश्वास से कोई समझौता नहीं है। भाजपा भगवान का नाम लेकर जिस तरह से माहौल बनाने का प्रयास कर रही थी उसे जनता ने नकार दिया है। अयोध्या ही नहीं सीतापुर, बाराबंकी और प्रयागराज ने हम पर पूर्ण विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि हम 5 सूत्रीय कार्यक्रम और 25 गारंटियों को लेकर गंभीर हैं। राहुल गांधी के अयोध्या जाने को लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें जब भी अवसर मिलेगा वो अयोध्या जाएंगे। उन्होंने कहा कि अजय राय तीन बार वाराणसी से चुनाव लड़े और लगातार वहां की जनता के लिए काम करते रहे हैं। इस बार भी कड़ी टक्कर दी है। असली जीत अजय राय की हुई है।

# तीन माह तक मोदी ने नहीं किया आराम

## मोदी के नेतृत्व में देश का विकास जारी रहेगा, हम हमेशा साथः नायडू



नई दिल्ली। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक में टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू ने प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने के प्रस्ताव का समर्थन किया। एनडीए संसदीय दल की बैठक में टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा, हम सभी को बधाई दे रहे हैं क्योंकि हमने शानदार बहुमत हासिल किया है। मैंने चुनाव प्रचार के दौरान देखा है कि तीन महीने तक पीएम मोदी ने कभी आराम नहीं किया। उन्होंने दिन-रात प्रचार किया। उन्होंने उसी भावना के साथ शुरूआत की और उसी भावना के साथ खत्म किया। आंध्र प्रदेश में पीएम ने 3 सार्वजनिक बैठकें और 1 बड़ी रैली की और इसने आंध्र प्रदेश में चुनाव जीतने में बहुत बड़ा अंतर पैदा किया है। टीडीपी के प्रमुख चंद्र बाबू नायडू ने कहा कि मोदी के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई। देश के विकास की रफ्तार आगे भी जारी रहेगी। भारत सबसे अधिक वृद्धि दर के साथ आगे बढ़ रहा है। नायडू ने कहा कि हम सबका साथ, सबका विकास और विकसित भारत के लिए उन्हें अपना समर्थन देते हैं। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा, हम सभी को बधाई देते हैं, हमने शानदार बहुमत हासिल किया है। मैंने चुनाव प्रचार के दौरान देखा है कि 3 महीने तक पीएम मोदी ने कभी आराम नहीं किया। दिन-रात उन्होंने प्रचार किया। उन्होंने उसी भावना के साथ शुरूआत की और उसी भावना के साथ खत्म किया। आंध्र प्रदेश में हमने 3 जनसभाएं और 1 बड़ी रैली की और इसने आंध्र प्रदेश में चुनाव जीतने में बहुत बड़ा अंतर पैदा किया...। दिल्ली में पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में आयोजित एनडीए संसदीय दल की बैठक में टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा, नरेंद्र मोदी के पास विजन और जोश है, उनका क्रियान्वयन बहुत सही है। वह अपनी सभी नीतियों को सच्ची भावना के साथ क्रियान्वित कर रहे हैं। आज, भारत के पास सही नेता है- वह नरेंद्र मोदी हैं। यह भारत के लिए बहुत अच्छा मौका है, अगर आप अभी चूक गए तो हम हमेशा के लिए चूक जाएंगे।

# पार्षद से विधायक, फिर सांसद बनने वाले शंकर प्रसाद पहले जनप्रतिनिधि

## विस, लोस व रास की नुमाइंदगी की थी कमलापति व श्यामलाल ने, बीएचयू छात्रसंघ उपाध्यक्ष व एमएलसी रहने वाले डॉ. राजेश मिश्रा भी पहुंचे थे संसद में

अजीत सिंह

वाराणसी। राजनीतिक की चमक-दमक देख हर शख्स इसमें किस्मत आजमाने की कोशिश करता है। कुछ की किस्मत चमक जाती है तो कुछ पार्टी का झंडा-बैनर ढोते-ढोते गुमनामी भरी जिंदगी जीने को विवश हो जाते हैं। यहीं नहीं, जिस परिवार में किसी सदस्य ने राजनीति के ऊंचे पायदान को छुआ, उनकी विरासत को उनके बाद की पीढ़ी संभाल कर रख नहीं पाती है। बहुत कम परिवार है, जिनकी पीढ़ी विरासत को संभाले हुए हैं।

बावजूद इसके तमाम लोग चुनावी मौसम में अपनी किस्मत आजमाने से बाज नहीं आते। लेकिन कम ही लोगों को विधायक या फिर सांसद बनना नसीब होता है। लेकिन यहां बात हम करने जा रहे हैं विधायक से सांसद तक का सफर तय करने वाले जनप्रतिनिधियों की। आप जानकर चौक जाएंगे कि आजादी के बाद से अब तक बनारस के सिर्फ चार विधायकों को सांसद बनने का मौका मिला। राजनीतिक गलियारों पर गहरी नजर रखने वालों की माने तो शंकर प्रसाद जायसवाल इकलौते जनप्रतिनिधि रहे, जिनको पार्षद से विधायक और फिर सांसद बनने का सौभाग्य मिला तो विधानसभा और लोकसभा के साथ ही राज्यसभा में पहुंचने का सौभाग्य पं. कमलापति त्रिपाठी और श्यामलाल यादव को ही मिला। राजनीति में किस्मत सभी की चमक जाए, यह आसान नहीं है। वाराणसी संसदीय क्षेत्र में तमाम दिग्गज नेता हुए, लेकिन विधायक से सांसद तक का सफर सभी को नसीब नहीं हुआ। यहां के तीन एमएलए और एक एमएलसी को ही लोकसभा का सदस्य बनने का मौका मिला। राजनीतिक गलियारों पर गहरी नजर रखने वालों की माने तो अपने जमाने के दिग्गज नेता पं. कमलापति त्रिपाठी एक ऐसे जनप्रतिनिधि रहे,



जिनको विधायक, लोकसभा और राज्यसभा में जाने का गौरव हासिल हुआ। वह 1952, 1957, 1962, 1967 तथा 1969 में विधानसभा के सदस्य थे। तत्पश्चात वे 1977 से 1980 तक राज्यसभा के सदस्य रहे। पं. कमलापति त्रिपाठी पहली बार 1980 में लोकसभा का चुनाव लड़े और विजयीश्री हासिल किये। राजनीतिक गलियारों पर गहरी नजर रखने वालों की माने तो पूर्व केंद्रीय मंत्री श्यामलाल यादव विधानसभा, राज्यसभा से होते हुए लोकसभा तक पहुंचे थे। वह 1957 और 1967 में मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए थे। वे 1970 और 1976 में राज्यसभा के सदस्य रहे। 1982 में तीसरी बार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए। वह राज्यसभा के उपसभापति भी रहे। 1984 के चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें वाराणसी संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया। यहां से जीत के बाद श्यामलाल यादव तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के मंत्रिमंडल में कृषि राज्यमंत्री बने थे। जबकि बात करे शंकर प्रसाद जायसवाल की तो वे वाराणसी से एक मात्र सांसद रहे, जिन्हें पार्षद से एमएलए और फिर एमपी बनने का गौरव प्राप्त हुआ।

राजनीतिक गलियारों पर गहरी नजर रखने वालों की माने तो वाराणसी से तीन बार सांसद रहे शंकर प्रसाद जायसवाल ने सबसे निचले पायदान से राजनीति की शुरूआत की। वह सबसे पहले पार्षद चुने गए थे। इसके बाद वे शहर उत्तरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। वह 1996, 1998 और 1999 में भाजपा के टिकट पर तीन बार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। सांसद बनने से पहले शंकर प्रसाद जायसवाल उत्तर प्रदेश विधान सभा (1969-1974) के सदस्य भी थे और उत्तर प्रदेश विधान सभा (1969-1970) में व्हिप का प्रभार संभाला था। जबकि 2004 में कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा में पहुंचे डॉ. राजेश मिश्र दो बार स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी रहे। वह बीएचयू छात्रसंघ के उपाध्यक्ष भी थे। अब वे भाजपा के सिपाही है। जानकारों का कहना है कि कई विधायक ऐसे रहे, जिन्होंने लोकसभा में पहुंचने के लिए किस्मत आजमायी, मगर उनको सफलता नहीं मिली।

### मौजूदा लोकसभा चुनाव में यूपी में कई मंत्री धराशायी

लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के अंदर कई मंत्री अपनी सीट नहीं बचा सके तो कई सांसद भी जीत की दरकार नहीं रख सके। सियासी मैदान में उतरे 11 केंद्रीय मंत्रियों में से सात को हार का सामना करना पड़ा जबकि योगी सरकार के चार मंत्रियों में दो मंत्री ही साख बचा सके। जिन केंद्रीय मंत्रियों को हार का सामना करना पड़ा। उसमे अमेठी से केंद्रय मंत्री स्मृति ईरानी, चंदौली से डॉ. महेंद्र नाथ पांडे, जालौन से भानु प्रताप सिंह वर्मा, मुजफ्फरनगर से संजीव बालियान, लखीमपुर से अजय मिश्र टेनी, मोहनलालगंज से कौशल किशोर और फतेहपुर से साध्वी निरंजन जैसे बड़े नेता शामिल हैं। इसके अलावा, योगी सरकार के मंत्रियों में जयवीर सिंह को मैनपुरी और रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह को हार का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ, पीलीभीत से जितिन प्रसाद और हाथरस से अनूप प्रधान ने जीत दर्ज कर की है। एनडीए ने इस बार के चुनाव में विधायकों को भी मैदान में उतारा था। इस लिस्ट में अपना दल विधायक रिंकी कोल को राबर्ट्सगंज से हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्र श्रावस्ती से और राज्यसभा सदस्य नीरज शेखर को बलिया से पराजय का सामना करना पड़ा।

## आजाद अधिकार सेना की बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा

चोलापुर। आजाद अधिकार सेना की बैठक शुक्रवार को चोलापुर ब्लाक के पास लान में हुई, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने पार्टी के विस्तार पर चर्चा की तथा यह निर्णय लिया गया कि पार्टी द्वारा 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ा जाएगा । पार्टी के पदाधिकारी अभी से ही चयनित कर दिए जाएं, ताकि वे अभी से अपना प्रचार-प्रसार शुरू कर चुनाव में श्रेष्ठतम प्रदर्शन कर सकें। इस दौरान मेडिकल कालेज के कई छात्रों ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर से मुलाकात कर नीट परीक्षा में हुई धांधली के संबंध में उन्हें अवगत कराया। बैठक में महासचिव नूतन ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय, क्षेत्रीय अध्यक्ष खैरुल्ला, डा. बी नाथ, सुशील कुमार सिंह, आरके श्रीवास्तव आदि सैकड़ों की संख्या में नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नौतपा की फिर याद दिलाने लगी धूप

## काशी में एक बार फिर पहले जैसा हुआ माहौल, तीखी धूप के कारण आम जनजीवन बेहाल

रौशनी

वाराणसी। बनारस में एक बार मौसम फिर बदल गया। शुक्रवार को धूप फिर तपने लगी और गर्म हवा के थपेड़ों का लोगों को सामना करना पड़ा। गर्म हवा के साथ ही लू के थपेड़ों ने भी लोगों को फिर परेशान किया। शहर में एक बार फिर पहले जैसा माहौल हो गया है।

सड़कों व घाटों पर सन्नाटा छाया रहा। जरूरत के हिसाब से ही लोग घर के बाहर निकल रहे थे। सुबह से ही हो रही तीखी धूप के कारण आमजन बेहाल रहा। पिछले दो दिन से बादलों की आवाजाही और नम हवाओं के चलने से कुछ राहत के बाद शुक्रवार को मौसम अचानक बदल गया। सुबह से ही तेज धूप होने के साथ ही गर्म हवाएं चलने लगी। इससे एक बार फिर गर्मी बढ़ गई। दोपहर एक बजे ही अधिकतम तापमान भी 42 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जिस वजह से गर्मी के साथ-साथ बेचैनी भी बढ़ गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अगले दो-तीन दिनों तक तेज धूप होने के साथ ही गर्मी भी बढ़ने की संभावना है। 15 के बाद से मौसम में कुछ बदलाव के आसार है।



### यज्ञ का धुआं पर्यावरण को करेगा शुद्धः कुलपति

वाराणसी। दुनिया में जब अनेक राष्ट्रों के पारस्परिक संघर्ष के कारण उठने वाले बारूद का धुआं पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है। ऐसे में शतौषधियों से युक्त सामग्री से होने वाले हवन से उठने वाला शुद्ध धुआं ही पर्यावरण को शुद्ध कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। यह विचार संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने शुक्रवार को सहस्त्रव्यापी स्वाहाकार विश्वकल्याण महायज्ञ से संपूर्ण देश से जुड़ने वाले आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक उद्देश्य से जुड़ने वाले संस्थाओं के अनुरोध पत्रों एवं आवेदनों पर विचार करते हुए यज्ञ के महत्व और प्रभाव विषय पर व्यक्त किया। कुलपति ने कहा कि हमारे यज्ञ का प्रभाव इतना व्यापक और प्रचलित होता जा रहा है, कि देश के अलग-अलग जगहों से लोग अध्यात्म और वैज्ञानिक भाव से अलग- अलग संस्थाएं जुड़ती जा रही हैं।

# एडीजी ने किया औचक निरीक्षण

रिम्मी कौर

वाराणसी। अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी, उत्तर प्रदेश सुजीत पाण्डेय ने 36वीं वाहिनी पीएसी रामनगर का भ्रमण और निरीक्षण किया। एडीजी के वाहिनी आगमन पर सेनानायक डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय ने उनका स्वागत किया। वाहिनी क्वार्टर-गार्ड पर सलामी ली गई व निरीक्षण किया गया।

गार्द निरीक्षण के पश्चात सुजीत पांडेय ने बताया गया कि प्रदेश की समस्त वाहिनियों में से इतनी अच्छी गार्द, इतना अच्छा बिगुलर तथा इतना अच्छा कमांडेंट नहीं देखा गया। ये प्रदेश की समस्त वाहिनियों से उत्कृष्ट है। वाहिनी क्वार्टर-गार्ड गार्ड रूम, कोत आदि का निरीक्षण किया गया। आवश्यक निर्देश दिए गए। एडीजी पौधरोपण किया।

एडीजी ने वाहिनी मुख्य प्रवेश द्वार गेट नंबर-1 से प्रशासनिक



कार्यालय और क्लब गेट तक के नवनिर्मित रामपथ - कर्तव्यपथ का लोकार्पण किया। एडीजी ने द्वारा वाहिनी आदर्श मेंस, हॉटमेंट बैरक, अराजपत्रित अतिथि गृह, राजपत्रित अतिथि गृह, नई कॉलोनी आवासीय परिसर, मुख्यालय शाखा, RTC बैरक, वर्चुअल क्लासरूम, वाहिनी पुस्तकालय, प्रशासनिक भवन स्थित आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, स्टेनो कार्यालय, सूबेदार मेजर कार्यालय, कंपनी कार्यालय आदि का भी निरीक्षण किया गया एवं साफ -सफाई को देखकर काफी प्रशंसा व्यक्त की।

एडीजी ने सैनिक सम्मेलन में बताए गए समस्या को तत्काल निस्तारण किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव ड्यूटी सकुशल संपन्न करने हेतु समस्त कर्मियों की सराहना की। कहा कि वाहिनी का चौतरफा विकास हुआ है। वाहिनी ने प्रदेश की तीन प्रतियोगिताएं जीत ली है। हमें आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि आगे आने वाले दिनों में वाहिनी चारों प्रतियोगिताएं जीत लेगी। इस अवसर पर राजीव नारायण मिश्रा, राजेश कुमार, अबरार अहमद, कैलाशनाथ यादव, शिविरपाल, भगवान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विशालाक्षी कॉरिडोर का सर्वे पूरा

## मंदिर की चौखट तक होगा विश्वनाथ धाम का दायरा, अब रिपोर्ट का इंतजार



वाराणसी। काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण के बाद शक्तिपीठ माता विशालाक्षी के मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ी है। योजना के तहत बाबा के धाम से लेकर विशालाक्षी मंदिर तक गली को चौड़ा किया जाएगा। काशी विश्वनाथ मंदिर के गलियारे के विस्तार के बाद विशालाक्षी मंदिर से बाबा के धाम में आने का मार्ग सुगम हो जाएगा। इसके लिए सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत जल्द ही यह कार्य मूर्तरूप लेता नजर आएगा।

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का दायरा अब मां विशालाक्षी की चौखट तक होगा। विस्तारीकरण के लिए सर्वे का काम चुनाव के पहले ही पूरा हो चुका है। सर्वे की रिपोर्ट आने के बाद अब काम आगे बढ़ाया जा सकेगा। वहीं, मां विशालाक्षी मंदिर के महंत ने भी इस योजना के लिए अपनी सहमति दे दी है। महंत ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर विस्तारीकरण को समय की जरूरत बताने के साथ ही कुछ समस्याओं की ओर ध्यान इंगित किया था। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के गलियारे का विस्तार विशालाक्षी मंदिर तक करने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास परिषद की बैठक में इस पर मुहर लगने के बाद कारिडोर के विस्तार के लिए सर्वे का काम पूरा हो चुका है और अब सर्वे रिपोर्ट का इंतजार है। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद कॉरिडोर के विस्तार के काम को आगे बढ़ाया जाएगा और बाबा के धाम का दायरा मां विशालाक्षी के मंदिर तक बढ़ जाएगा। विशालाक्षी मंदिर के महंत राजनाथ तिवारी का कहना है कि कारिडोर का विस्तार जरूरी है। कारिडोर के विस्तार से पहले विशालाक्षी मंदिर परिसर का विस्तार होना चाहिए। इसके लिए मैंने प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखा है। कहा है कि मंदिर का महंत होने के नाते मैं इस विस्तारीकरण का पूर्ण समर्थन करता हूं। विशालाक्षी मंदिर तक विश्वनाथ कारिडोर का विस्तार होने के बाद मां के मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में भी तेजी से बढ़ोतरी होगी। श्रद्धालुओं के दबाव को देखते हुए मंदिर का परिसर काफी छोटा है।

# प्रमाण-पत्र पाकर भावविभोर हुए मोदी

## मन में नहीं कोई मलाल और पूछा काशीवासियों का हाल

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी संसदीय क्षेत्र से जीत हासिल करने के बाद गुरुवार की शाम पहली बार पीएम आवास पर काशीवासियों से मुलाकात की। इस दौरान वे भाव-विभोर हो गए। काशी से दिल्ली पहुंचे जनप्रतिनिधियों व भाजपा पदाधिकारियों ने उनको जीत का प्रमाण-पत्र सौंपा।

पीएम मोदी ने प्रमाण-पत्र को जनता का जनादेश बताते हुए ससम्मान ग्रहण किया। उन्होंने सभी काशीवासियों को साथ बैठाया। काशी का हाल पूछा। जनप्रतिनिधियों के माध्यम से काशी की जनता का आभार जताया। इस दौरान पीएम मोदी ने पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद भी किया एवं आशीर्वाद प्रदान किया। इसके साथ ही अपनी आगामी योजनाओं और कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की। भाजपा काशी



क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने पीएम मोदी से मुलाकात के पश्चात कहा कि पीएम मोदी भारतीय इतिहास के ऐसे द्वितीय प्रधानमंत्री है, जो तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। वाराणसी लोकसभा से लगातार तीसरी बार निर्वाचित सांसद व प्रधानमंत्री को जनप्रतिनिधियों व प्रमुख पदाधिकारीयों के साथ लोकसभा निर्वाचन 2024 का प्रमाणप्-त्र प्रधानमंत्री आवास पर उन्हें सौपने का सौभाग्य मिला। हम सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। प्रमाण-पत्र सौंपने वालों में भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर, क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, एमएलसी व जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, महापौर अशोक तिवारी, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, एमएलसी धर्मेंद्र राय, पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह औढ़े आदि थे।

## बीएसएनएल ने शुरू की 4जी सेवा

वाराणसी। बीएसएनएल ने वाराणसी समेत पूर्वांचल में 4 जी सेवाएं शुरू कर दी है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को बीएसएनएल की ओर से सस्ते दर पर फोन भी उपलब्ध कराया जायेगा। यह जानकारी शुक्रवार को शिवपुरवा स्थित कार्यालय में बीएसएनएल के महाप्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह जानकारी दी। बताया कि भारत में विकसित तकनीक से भारत में ही निर्मित 4 जी उपकरणों का संस्थापन वाराणसी में शुरू हो गया है। वाराणसी में शहरी क्षेत्र में दो बीटीएस गायत्री नगर तथा तिब्बत शिक्षण संस्थान के पास लगाए जा चुके हैं जो अच्छे तरीके से काम कर रहे हैं। वाराणसी जिले के शहरी इलाकों में 30 जून तक 100 4जी टावर लगाने लगाने का लक्ष्य है, जिसे जुलाई के अंत तक 200 तक कर दिया जाएगा। भदोही, चंदौली, मिजार्पुर ,सोनभद्र और गाजीपुर जिलों के शहरी क्षेत्र में भी 4जी सेवाएं 30 जुलाई तक आरंभ कर दी जाएंगी। 4जी सेवा के लिए सभी उपभोक्ता जिनके पास 2 जी या 3 जी सिम है, को 4 जी सिम में अपग्रेड करने की आवश्यकता है। उपभोक्ता अपने निकटतम रिटेलर के द्वारा सिम नि :शुल्क अपग्रेड कर सकते हैं। बताया कि गाजीपुर के ग्रामीण क्षेत्र में 26 , मिर्जापुर में 14, चंदौली में 12 , भदोही में 4 तथा सोनभद्र में पांच 4जी के उपकरण लगाए जा चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्र के 4जी उपकरण 700 मेगा हार्स पावर बैंड पर काम करते हैं, जो कुछ ही 4जी मोबाइल हैंडसेट पर उपलब्ध है। नए आ रहे सभी मोबाइल में यह फ्रीकवेंसी बैंड उपलब्ध है। ग्रामीण क्षेत्र के लिए मोबाइल बंडलिंग स्कीम जल्द आने की संभावना है।




### खुलेगा प्लेटफॉर्म आठ-नौ का रास्ता : लालजी

वाराणसी। कैंट स्टेशन पर शुक्रवार को रुटीन निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक लालजी चौधरी व स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने द्वितीय एफओबी से प्लेटफार्म नंबर आठ व नौ पर जाने वाले रास्ते को जल्द यात्रियों के लिए खोलने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मातहतों के साथ सभी प्लेटफार्म का निरीक्षण करते हुए साफ सफाई को देखा, उन्होंने यात्रियों के लिए पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं **प्रधान संपादक अजीत कुमार सिंह, स्थानीय संपादक प्रिया दूबे,** कुतुलूपुर रामनगर वाराणसी से प्रकाशित व मीडियाटेक्स्ट प्राइवेट लिमिटेड आराजी संख्या 68, मौजा गोविंदपुर, जीटी रोड रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित। **आरएनआई नम्बर** : UPBIL05106 । इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
**सम्पर्क : 9473893322**
**7309842122 (विज्ञापन)**

# पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



वाराणसी। नव सृजन फाउंडेशन संस्था द्वारा 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था की अध्यक्ष प्रीति जायसवाल के द्वारा प्रतिदिन निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को अपने पर्यावरण के संरक्षण हेतु प्रेरित करने की दिशा में इस वर्ष भी चित्रकला प्रतियोगिता और बच्चों द्वारा स्वयं से पौधारोपण का कार्यक्रम लहुराबीर स्थित सेनपुरा पार्क से आयोजित किया गया।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस भी संस्था द्वारा मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि कबीर मठ के महंत पीठाधीश्वर गोविंद दास शास्त्री रहे। अभिनंदन और सम्मान संस्था के संरक्षक राजेंद्र गुप्ता ने किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग व प्रदेश कार्य समिति सदस्या भाजपा निर्मला सिंह रहीं। अभिनंदन व सम्मान संस्था की अध्यक्ष प्रीति जायसवाल ने किया।

अध्यक्षता हिन्दू जागरण मंच के महानगर संयोजक अखिलेश सिंह द्वारा किया गया। संरक्षक वरिष्ठ समाज सेवी लाल गुप्ता, अवधेश गुप्ता, सुशील प्रजापति, आकाश साहनी उपस्थिति रही। साथ ही संस्था के सभी पदाधिकारियों में रेखा चौरसिया, बिना चौरसिया, वीना गुप्ता, रानी जायसवाल, सरस्वती मिश्रा, रीना सुशील प्रजापति, आकाश साह और संस्था के सभी बच्चों की उपस्थिति रही।

### विवि और डिग्री कॉलेजों में 'चुनाव' की हो घोषणा

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर स्थित वागदेवी मंदिर में शुक्रवार को विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के छात्र नेताओं की हुई बैठक में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। विश्वविद्यालयों में छात्र आयोग का गठन करने व छात्रसंघ चुनाव कराने की घोषणा अविलंब कराने की मांग की गई। बैठक में इसके अलावा छात्र नेताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमे रद करने, बेतहाशा शुल्क वृद्धि को कम करने, उच्च शिक्षण संस्थानों में विभिन्न राजनीतिक दलों की अनावश्यक रूप से दखलंदाजी बंद करने, विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र शुरू करने समेत छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परिक्षाओं में आने-जाने के लिए परिवहन में छूट दिए जाने, शिक्षा का बाजारीकरण बंद करने, समस्त शिक्षण संस्थानों में लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके अलावा पिछले दिनों हरिश्चंद्र महाविद्यालय के पूर्व उपाध्यक्ष शैलेंद्र पांडेय पर जिला प्रशासन द्वारा फर्जी तरीके से गैंगस्टर लगाकर जेल भेजने के कृत्य की निंदा की गई।
साथ ही इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति होने पर वृहद अंदोलन की चेतावनी दी गई। बैठक में छात्र नेता सुधीर सिंह संगम, कृष्णानंद पांडेय, जयप्रकाश पांडेय, प्रदीप राय, राणा रोहित, राहुल उपाध्याय, प्रांजल पांडेय आदि मौजूद रहे। संचालन संस्कृत विश्वविद्यालय के वरिष्ठ छात्रनेता डा. साकेत शुक्ल व प्रदीप पांडेय ने किया।



